भाद्र मास, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 265 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00


# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज रविवार 19 सितम्बर 2021 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट



क्रियायोग संदेश

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस हजार वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

स्वामी श्री योगी सत्यम्

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास


## बिग बॉस ओटीटी विनर : दिव्या अग्रवाल ने जीता बिग बॉस ओटीटी के विनर का खिताब, ट्रॉफी के साथ जीते 25 लाख रुपये

**मुंबई (एजेंसी)।** 6 हफ्ते पहले शुरू हुआ बिग बॉस ओटीटी का ग्रैंड फिनाले 18 सितंबर को हुआ, जहां सभी कंटेस्टेंट्स को पछाड़ते हुए ट्रॉफी पर दिव्या अग्रवाल ने अपना कब्जा जमाया। बिग बॉस ओटीटी को करण जौहर होस्ट कर रहे थे, और फिनाले में दिव्या अग्रवाल, निशांत भट्ट, राकेश बापट, शमिता शेट्टी और प्रतीक सहजपाल के बीच टक्कर थी। बता दें कि विनर को ट्रॉफी के साथ ही 25 लाख रुपये विनिंग अमाउंट मिला है। एक ओर जहां दिव्या ने शो जीता तो वहीं निशांत फर्स्ट और शमिता सेकेंड रनर अप रहे। गौहर ने दिव्या को बधाई देते हुए ट्वीट भी किया है। याद दिला दें कि 8 अगस्त को रात 8 बजे बिग बॉस ओटीटी का आगाज हुआ था। बीते कई सीजन्स को जहां सलमान खान होस्ट करते आ रहे थे तो वहीं बिग बॉस ओटीटी को करण जौहर ने होस्ट किया था। हर संडे का वार एपिसोड में करण जौहर, 8 बजे आते थे।

# देवताओं पर टिप्पणी करना एक्सीडेंटल हिन्दू की प्रवृति : सीएम योगी

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में हर वर्ग के सम्मेलनों के क्रम में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन भी आयोजित कर रही है। लखनऊ में भाजपा के प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में सीएम योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों के साथ ही देवी-देवातओं पर टिप्पणी करने वालों पर जोरदार हमला बोला। इसके साथ ही कांग्रेस तथा समाजवादी पार्टी पर आपदा के दौर में मैदान छोड़ देने पर तंज कसा। लखनऊ में शहर उत्तरी विधानसभा क्षेत्र के अलीगंज में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन पंचायती राज निदेशालय के सभागार में आयोजित किया गया। गोरखपुर दौरे से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सीधा इस सम्मेलन में पहुंचे। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि आजकल तो देवी-देवताओं पर अनर्गल टिप्पणी करने वाले काफी लोग सामने आ

### बीजेपी प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन



रहे हैं। मेरा मानना है कि हमारे देवी-देवताओं पर टिप्पणी करना एक्सीडेंटल हिन्दू की प्रवृति है। देवी-देवताओं पर टिप्पणी करना, राम और कृष्ण को नकारना उनकी प्रवृत्ति का हिस्सा है, अब कोई एक्सीडेंटल हिन्दू होगा तो यही तो होगा। एक पार्टी आप देख रहे हैं। आपदा आती है तो इटली चले जाते हैं। उनको यूपी से सब-कुछ चाहिए मगर देंगे कुछ नहीं। वे एक्सिडेंटली हिन्दू हैं। एक्सीडेंट बार बार नहीं दोहराने देंगे। उसको हमारे देश की संस्कृति, धर्म तथा विभिन्न प्रकार की सभ्यता से तो परिचित होना ही होगा। हमारे लिए व्यकित से बड़ा दल और दल से बड़ा देश : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारे लिए व्यक्ति से बड़ा दल है और दल से बड़ा देश है। भाजपा कार्यकर्ता के लिए सत्ता प्राप्त करना और शासन करना मात्र लक्ष्य नहीं है। भाजपा मूल्यों और आदर्शों को लेकर राजनीति में आई है, जिससे देश की आस्था जुड़ी है।

जिनको यूपी ने शीर्ष पर पहुंचाया वह करने लगे प्रदेश व देश की बुराई : मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने तो जिन लोगों को प्रधानमंत्री के पद तक पहुंचाया है। वह लोग उत्तर प्रदेश से बाहर जाते हैं तो उत्तर प्रदेश की काफी बुराई करते हैं। देश से बाहर जाने पर देश पर ही टिप्पणी करते हैं। उत्तर प्रदेश में इससे पहले तो किसी भी संकट में समय में लोग या तो प्रदेश से बाहर भाग जाते थे या फिर अपने क्षेत्र में सिमट पर नाच-नौटंकी में व्यस्त हो जाते थे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने कोरोना प्रबंधन का माडल सेट किया है। इसी दौरान देश में जब आपदा आती है तो एक पार्टी के लोग इटली भाग जाते हैं। पूर्वांचल के लोग जब बीमारी से पीडित् थे और उत्तर प्रदेश बेहाल रहता था तब सैफई में नाच-गाने का मंचन होता था।देश को शीर्ष पर लाए पीएम मोदी : सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को शीर्ष पायदान पर लाकर खड़ा किया है। मोदी जी ने पूर्वोत्तर राज्यों के साथ संवाद स्थापित किया जो आजादी के बाद से अधूरा था। सदी की इस महामारी के दौरान अमेरिका के मुकाबले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत का कोरोना प्रबंधन बेहतरीन रहा। नेतृत्व जब समर्थ होता है तो पूरा देश साथ चलता है।

## शराब पर बैन नहीं तो आंदोलन, बीजेपी नेता उमा भारती का मध्य प्रदेश में शिवराज सरकार को अल्टीमेटम

**भोपाल (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती ने मध्य प्रदेश में अपनी ही पार्टी की सरकार को अल्टीमेटम दे दिया है। उमा भारती ने कहा है कि यदि शिवराज सिंह चौहान की सरकार ने अगले साल 15 जनवरी तक शराब पर बैन नहीं लगाया तो सड़क पर उतर कर आंदोलन करेंगी।उमा ने यहां मीडिया को बताया कि अगले साल 15 जनवरी के बाद वह मध्य प्रदेश में शराबबंदी अभियान चलाएंगी। हालांकि, पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, हमारा यह एक (शांतिपूर्ण) अभियान होगा, न कि उग्र आंदोलन। इस दौरान हम सड़क पर उतर कर राज्य सरकार से मांग करेंगे कि प्रदेश में तुरंत शराबबंदी की जाए।

भाजपा नेता ने कहा, 15 जनवरी से पहले हम नशा मुक्ति के लिए सामाजिक जागरूकता अभियान भी चलाएंगे। उन्होंने कहा, शराबबंदी की जानी चाहिए और की जा सकती है। राजस्व संग्रह करने के दूसरे रास्ते निकाले जा सकते हैं। साथ ही, उमा ने



ट्वीट किया, मध्य प्रदेश में शराबबंदी आसान इसलिए भी है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा दोनों ही शराबबंदी करने में समर्थ हैं क्योंकि वह दोनों शराब और नशा के खिलाफ हैं।

उन्होंने ट्वीट में कहा, मुझे लठ्ठ शब्द का प्रयोग करने का जरा भी रंज नहीं है क्योंकि सरकार के द्वारा सख्त कानून या महिलाओं का शक्तिशाली अभियान ही शराबबंदी कराएगा। उमा ने कहा, मध्य प्रदेश में बलात्कार, छेड़खानी, दुर्घटनाएं, बीमारियां इन सबका मुख्य कारण शराब का सेवन है। शराबियों के खुलेआम सड़क पर घूमने से मध्य प्रदेश की बहन और बेटियां सुरक्षित महसूस नहीं करती, इसलिए मध्य प्रदेश जैसे शांतिप्रिय राज्य में शराबबंदी बहुत जरूरी है।

## कैप्टन ने सिद्धू को बताया देश के लिए खतरनाक, कहा- पाकिस्तान से है रिश्ता, नहीं बनने दूंगा सीएम



**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद कैप्टन अमरिंदर सिंह ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि वह उन्हें सीएम बनाए जाने का विरोध करेंगे। कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा है कि सिद्धू का पाकिस्तान, उसके प्रधानमंत्री इमरान खान और सेना चीफ कमर जावेद बाजवा से रिश्ते हैं। सिद्धू को पंजाब के लिए डिजास्टर बताते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि यह देश की सुरक्षा का मामला है। बता दें, अमरिंदर के बाद पंजाब में मुख्यमंत्री पद के लिए सिद्धू को प्रमुख दावेदार बताया जा रहा है।

कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा कि सिद्धू को मैं अच्छी तरह से जानता हूं। सिद्धू पंजाब में कोई मैजिक नहीं करने जा रहे हैं। वह एक डिजास्टर साबित होंगे। कैप्टन ने आगे कहा कि यह कांग्रेस पार्टी का फैसला है। वह उनको पीसीसी का चीफ बनाती है बनाएं। लेकिन अगर उन्हें सीएम फेस बनाया गया। अगर उन्हें पंजाब के मुख्यमंत्री के तौर पर प्रोजेक्ट किया गया तो मैं इसका विरोध करूंगा।अमरिंदर सिंह सिर्फ इतने पर ही नहीं रुके। उन्होंने नवजोत सिंह सिद्धू को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा तक बता दिया। कैप्टन ने कहा कि यह नेशनल सिक्योरिटी का मसला है। जब अमरिंदर सिंह से पूछा गया कि वह ऐसा क्यों कह रहे हैं तो उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि उसके पाकिस्तान से बहुत अच्छे संबंध हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान से सिद्धू की दोस्ती है। जनरल बाजवा से उसकी दोस्ती है। अमरिंदर ने कहा कि हर रोज पंजाब में पाकिस्तान से ड्रोन आते हैं। कितने हथियार, कितने विस्फोटक, आरडीएक्स, पिस्टल वगैरह सब पाकिस्तान से ही तो आ रहे हैं।

# सॉरी कहकर सोनिया ने लिया कैप्टन का इस्तीफा, पंजाब में राहुल-प्रियंका की चली

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब में कैप्टन अमरिंदर सिंह के शनिवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने से साफ हो गया है कि कांग्रेस में सोनिया गांधी कि नहीं चल रही है और पार्टी पर पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और उत्तर प्रदेश की प्रभारी महासचिव प्रियंका गांधी का दबदबा है। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि कैप्टन सिंह के साथ पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी का समर्थन था जबकि राहुल और प्रियंका पूरी तरह से सिद्धू के साथ रहे। उन्हीं के इशारे पर सिद्धू को पंजाब कांग्रेस की कमान भी सौंपी गई थी। इस बीच कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने आज केरल में कहा कि कांग्रेस में अब नेतृत्व परिवर्तन होना चाहिए। उनका कहना था कि यदि गांधी को पार्टी



का अध्यक्ष बनाना है तो इस दिशा में तत्काल कदम उठाया जाना चाहिए। थरूर ने कहा कि खुद सोनिया गांधी पद से इस्तीफा देना चाहती हैं। पार्टी को मजबूत बनाने के लिए सभी नेता चाहते हैं कि पार्टी अध्यक्ष बदल जाने चाहिए, लेकिन उनके खिलाफ पार्टी में कोई बोल नहीं पाता है। सब उनका सम्मान करते हैं लेकिन अब जो राजनीतिक घटनाक्रम सामने आ रहे हैं उन्हें देखते हुए कांग्रेस नेतृत्व में अब बदलाव ज़रूरी है।

पंजाब में नया मुख्यमंत्री कौन होगा कांग्रेस विधायक दल ने यह जिम्मा पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष को सौंपा दिया है। कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि सिद्धू को पंजाब कांग्रेस की कमान देना और लंबे समय तक सिद्धू-अमरिंदर के बीच चले अंतरकलह की बुनियाद में कांग्रेस आलाकमान की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। उनका यह भी कहना है कि प्रियंका वाड्रा और राहुल गांधी शुरू से ही सिद्धू को पंजाब कांग्रेस की कमान सौंपने के पक्ष में रहे हैं। राहुल और प्रियंका का मानना है कि युवाओं के हाथ में कांग्रेस की कमान आनी चाहिए। हालांकि, सोनिया गांधी कैप्टन अमरिंदर सिंह की राजनीतिक अहमियत को समझती हैं इसलिए वह कांग्रेस को दोबारा सत्ता में लाने के लिए उन्हें उनके नेतृत्व में चुनाव कराने की पक्षधर रही हैं। सूत्रों ने तर्क दिया है कि बीच में जब कांग्रेस के प्रभारी महासचिव हरीश रावत अंतरकलह को कम कराने के लिए दोनों पक्षों से बात कर रहे थे तो उन्होंने स्पष्ट घोषणा कर दी थी कि पंजाब विधानसभा का अगला चुनाव कैप्टन अमरिंदर सिंह के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। उसी दौरान वह कांग्रेस अध्यक्ष से मिलकर पंजाब गए थे। राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपने के बाद कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा कि कल सोनिया गांधी ने उन्हें फोन करके विधायक दल की बैठक बुलाए जाने की जानकारी दी। इस पर अमरिंदर ने कहा कि वह इस्तीफा दे देंगे। जवाब में सोनिया ने आई एम सॉरी अमरिंदर कहकर उन्हें पद छोड़ने को कह दिया।

## प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 2.0 की शुरुआत कर बोले अमित शाह, कांग्रेस ने 70 साल तक सिर्फ वादे किये

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मध्य प्रदेश के जबलपुर में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 2.0 की शुरुआत की। इस मौके पर अमित शाह ने शनिवार को दावा किया कांग्रेस ने देश की आजादी के बाद 70 साल तक गरीबी उन्मूलन का सिर्फ वादा किया, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गरीबों के उत्थान के लिए सही मायने में काम कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया, ''योजना के नाम पर दिखावे के रूप में कुछ धन मिल जाये, 50-100 लोगों को मकान मिल जाये, इस प्रकार की व्यवस्था करके वर्षों तक गरीबों के साथ छल करने का काम कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने किया। शाह ने कहा कि इसके विपरीत प्रधानमंत्री मोदी ने गरीबों, महिलाओं, दलितों, आदिवासियों एवं पिछड़ा वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए काम किया और जो कहा उसे करके दिखाया।

## एलडीएफ और यूडीएफ फैला रहे कट्टरपंथ, बोले भाजपा नेता- केरल बन सकता है दूसरा अफगानिस्तान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता केजे अलफोंस ने कहा कि केरल में एलडीफ और यूडीएफ के नेता कट्टरपंथ फैला रहे हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री केजे अलफोंस ने कहा, 'एलडीएफ और यूडीएफ केरल में कट्टरवाद फैला रहे हैं। केरल में तालिबान की तरह हो रहा है। विशेषकर केरल के कुछ इलाकों में तो यह बीते 25 साल से हो रहा है। अगले 5-10 सालों में केरल दूसरा अफगानिस्तान बन सकता है। इससे पहले भाजपा की केरल इकाई के अध्यक्ष के सुरेंद्रन ने आरोप लगाते हुए कहा था कि अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद से राज्य की मुख्यधारा की पार्टियों में उसे समर्थन देने की होड़ लगी हुई है। भाजपा नेता के सुरेंद्रन ने आरोप लगाया था कि अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से सत्तारूढ़ माकपा नीत एलडीएफ और कांग्रेस नीत विपक्षी यूडीएफ अलग तरह की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने तालिबान के



समर्थन का रुख अपनाया, वे वहीं हैं, जो वर्ष 1921 में राज्य में हुए मोपला दंगों पर लीपा-पोती करने कोशिश कर रहे हैं।

आपको बता दें कि हाल ही में केरल बीजेपी के नेता जॉर्ज कुरियन ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को खत लिखकर कहा था कि केंद्र सरकार राज्य में जिहादी एक्टिविटी को खत्म करने के लिए हस्तक्षेप करे। केरल भाजपा के राज्य महासचिव और अखिल भारतीय अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष, जॉर्ज कुरियन ने केंद्रीय गृह मंत्री, अमित शाह को पत्र लिखकर पाला के आर्क बिशप, जोसेफ बिशप कल्लारंगट को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की थी। उन्होंने इस्लामिक संगठनों द्वारा बिशप के खिलाफ खुले तौर पर धमकी मिलने के बाद लिखा था। बिशप जोसेफ कल्लारंगट ने कोट्टायम जिले के कुरुविलांगड में मार्थ मरियम पिलग्रिम चर्च में विश्वासियों को संबोधित करते हुए कहा था कि केरल में गैर-मुसलमानों को नारकोटिक जिहाद का शिकार होना पड़ता है। उन्होंने कहा था कि जिहाद दो तरह के होते हैं- लव जिहाद और नारकोटिक जिहाद।

## हिंदू महासभा की बीजेपी मंत्रियों को धमकी- गलतफहमी में न रहें, हिंदुओं की रक्षा के लिए हमने गांधी को भी नहीं बख्शा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एक हिंदू महासभा नेता ने कर्नाटक में शनिवार को विवादित बयान दे डाला। बयान में नेता ने कहा है कि हिंदुओं की रक्षा के लिए हमने गांधी को भी नहीं बख्शा। हिंदू महासभा के इस नेता का नाम धर्मेंद्र है। वह मंगलुरू में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहा था। यह प्रेस कांफ्रेंस यहां ढहाए गए अवैध धार्मिक ढांचों के संबंध में आयोजित की गई थी। इस दौरान हिंदू महासभा नेता ने भाजपा सरकार के नेताओं को खुलेआम चुनौती दे डाली। धर्मेंद ने कहा कि जब हमने हिंदुओं की रक्षा के लिए महात्मा गांधी को नहीं बख्शा तो तुम्हें क्या लगता है हम तुम्हें छोड़ देंगे। उसने कहा, सरकार ने चित्रदुर्गा, दक्षिण कन्नड़ और मैसूर में मंदिरों को ढहा दिया है। कौन चला रहा है सरकार अगर यह सब कांग्रेस के कार्यकाल में हुआ होता तो तुम्हें क्या लगता है।

## पेट्रोल की कीमतें आम आदमी की पहुंच से बाहर, बोलें नितिन गडकरी- एथेनॉल के इस्तेमाल पर बना रहे नीति

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि पेट्रोल-डीजल की कीमतें आम आदमी की पहुंच से बाहर हो रही है इसलिए सरकार जनता को राहत देने के लिए फ्लैक्सी इंजन लगे वाहन निमार्ण की नीति बना रही है ताकि लोग डीजल पेट्रोल की जगह आसानी से एथेनॉल का इस्तेमाल कर सके। नितिन गडकरी ने कहा कि वह जल्दी ही वाहन निमार्ताओं को लिए एक नीति बना रहे हैं जिसके तहत सभी वाहनों पर फ्लैक्सी इंजन लगाना ज़रूरी कर दिया जाएगा।

इसके तहत वाहन मालिक अपने वाहन में पेट्रोल और डीजल की जगह एथेनॉल का इस्तेमाल कर सकता है। उन्होंने कहा कि एथेनॉल का उत्पादन बड़ी मात्रा में करने की रणनीति पर भी काम चल रहा है। एथेनॉल गन्ना भूसा,धान आदि से तैयार होता है। उनका कहना था कि किसान अच्छी पैदा कर रहा है और उसकी मेहनत का पयार्प्त लाभ उसे मिले इसमें स्वच्छ ईंधन एथेनॉल महत्वपूर्ण साबित हो

नितिन गडकरी इससे पहले भी इथेनॉल या अन्य वैकल्पिक ईंधन के इस्तेमाल को बढ़ावा देने की बात कह चुके हैं। नितिन



सकता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश में डीजल और पेट्रोल का 12 लाख करोड़ रुपये का आयात किया जाता है। एथेनॉल के इस्तेमाल से पेट्रोल और डीजल के आयात को कम करके अगर चार-पांच लाख करोड रुपए बचते हैं तो उसका फायदा किसानों को मिलेगा।

गडकरी ने कहा था कि इसके इस्तेमाल से हर लीटर ईंधन पर 20 रुपए तक की बचत होगी। बता दें कि भारत अपना इथेनॉल उत्पादन भी बढ़ा रहा है। हाल में सरकार ने पेट्रोल में 20ज्ञ् इथेनॉल मिलाने की समयसीमा को 2030 से घटाकर 2025 कर दिया। अभी देश में प्रति लीटर पेट्रोल में 8.5ज्ञ् इथेनॉल मिलता है।

## खबर संक्षेप

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता को सुरक्षा नहीं, डीआईजी से शिकायत

**प्रयागराज।** नवाबगंज के एक गांव की सामूहिक दुष्कर्म की पीड़िता और उसके परिवार को सुप्रीम कोर्ट से सुरक्षा के आदेश दिए गए हैं, लेकिन स्थानीय पुलिस ने अभी तक सुरक्षा नहीं उपलब्ध कराई है। पीड़िता के पिता ने डीआईजी को दिए प्रार्थनापत्र में बताया है कि इस मामले में मुख्य आरोपी लालगोपालगंज के पूर्व चेयरमैन मुख्तार अहमद समेत पांचों आरोपी जेल से मुकदमा वापस लेने के लिए धमकी दिलवा रहे हैं। पूर्व चेयरमैन ने पैसों के बल पर जेल से ही सेटिंग कर पीड़िता के पिता पर कई मुकदमे दर्ज करवा दिए ताकि वह मुकदमा वापस ले ले। बार बार फर्जी मुकदमों से तंग आकर पिता पहले हाईकोर्ट फिर सुप्रीम कोर्ट गए। जहां से पीड़िता और परिवार वालों को सुरक्षा देने का आदेश दिया गया। आदेश को साल भर से ज्यादा समय बीत गया लेकिन सुरक्षा मुहैया नहीं कराई गई। पीड़िता के पिता ने डीआईजी को सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के आदेश की कापी और प्रार्थनापत्र देकर सुरक्षा देने की गुहार लगाई है।

# तहसीलदार के विरुद्ध वकीलों ने खोला मोर्चा,किया विरोध

● तहसील दिवस कोरांव में उमड़ी भीड़ ● भारतीय किसान यूनियन ने भी प्रदर्शन कर मुख्य राजस्व अधिकारी को सौंपा ज्ञापन, कुल 186 शिकायतों में मात्र दो शिकायतों का हुआ निस्तारण

## जिंदा को मृतक दिखा कर ट्रांसफर की गई भूमि मामले में महिला ने दोषियों के विरुद्ध केस दर्ज किए जाने की रखी मांग



तहसील दिवस में बैठे अधिकारी और ज्ञापन देते किसान यूनियन के नेता

**अखंड भारत संदेश**

**कोराव।** तहसील दिवस कोरांव में जिलाधिकारी के आगमन की सूचना पा कर फरियादियों का तांता लग गया। किन्तु प्रभारी अधिकारी तहसील दिवस मुख्य राजस्व अधिकारी प्रयागराज ही पहुंचे,जिसमें भीड़ को एस डी एम कोरांव सहित द्वय अफसरों ने ही डील किया और समस्या समाधान का निर्देस दिया। तहसील दिवस में कुल 186 शिकायतें मिलीं। जिसमें मात्र दो का निस्तारण किया गया। सबसे ज्यादा राजस्व और पुलिस विभाग के विरुद्ध शिकायतें मिली। तीसरे स्थान पर विकास विभाग रहा। 64 अन्य विभागों की शिकायतें रहीं। जिसको संबंधित अफसरों को निस्तारित हेतु निर्देशित किए। पूर्व बार एसोसिएशन कोराव के अध्यक्ष लल्लन कुमार तिवारी एडवोकेट के नेतृत्व में भारी संख्या में वकीलों ने तहसीलदार कोराव वीके शर्मा के कुछ कथित मनमाने कारनामों को लेकर नाराजगी जताते हुए विरोध प्रदर्शन किया और यहां से हटाए जाने की मांग की। उप जिलाधिकारी कोरांव अभिनव कनौजिया ने वकीलों को वार्ता कर समुचित एक्शन लेने का आश्वाशन दिया। भारतीय किसान यूनियन के नेताओं राजेश पांडेय,पिंटू चौबे जिला पंचायत सदस्य प्रमोद मिश्रा उर्फ प्यासी सहित तमाम पदाधिकारियों ने छ सूत्रीय मांगों सहित प्रभारी अधिकारी सी आर ओ को ज्ञापन दिया और कार्यवाही की मांग की। जिंदा से मुर्दा की गई महिला निवासी महुली श्रीमती मालती पाल की जिंदा से मुर्दा दिखा कर की गई उसकी भूमि अल्हवा के एक काश्तकार को ट्रांसफर किए जाने के मामले में दोषियों के खिलाफ केस दर्ज किए जाने की मांग की। जिलाधिकारी के न आने से फरियाद करने वाले मायुश दिखे।

## करछना में सपूर्ण समाधान दिवस पर आई 129 शिकायतें



संपूर्ण समाधान दिवस पर शिकायतों की सुनवाई करते एसडीएम करछना

**करछना।** शनिवार को सपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर पहुचे शिकायतियो ने फरियाद तो की किन्तु किसी भी शिकायत का मौके पर निपटारा नही हो सका,अध्यक्षता एसडीएम विनोद पाडेय ने की। इस दौरान 129 शिकायते दर्ज की गई जिनमे 65 राजस्व,33 पुलिस एव 31 अन्य मामलो से सबधित रही।अध्यक्ष के समक्ष कई फरियादियो ने समस्याओ को लेकर गुहार भी लगाई किन्तु किसी का निपटारा नही हो सका।जिससे फरियादियो को मायूस होकर लौटना पडा।इस मौके पर तहसीलदार रमेश पाडेय,नायब तहसीलदार ने राजस्व के मामलो को लेकर मौके पर मौजूद लेखपाल और कानूनगो से समस्याओ को गभीरता से लेते हुए शीघ्र निस्तारण का दिशा निर्देश दिया।उपजिलाधिकारी ने कहा कि वरासत जैसे मामले किसी भी प्रकार स लबित न किए जाए और सरकारी भूमि पर कब्जा न किया जाए।इस मौके पर कई विभाग के अधिकारी और मातहत मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा



डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को मांग पत्र सौंपते जिला महामंत्री आशीष पाल

### उपमुख्यमंत्री को दिया एक किलोमीटर दूरी तक पक्की सड़क बनाएं जाने का मांग पत्र

**घूरपुर।** जसरा विकास खंड के खूझी गांव के पुलिया पक्की सड़क से लेकर लिफ्ट पंप कैनाल तक एक किलोमीटर दूरी तक अर्से से बनी कच्ची सड़क गड्ढे में तब्दील हो जाने से ग्रामीणों को खासी परेशानी झेलनी पड़ती थी। कई बार सम्बन्धित जनप्रतिनिधि सहित विभाग से पक्की सड़क बनाए जाने की मांग की लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई। इसी बावत शनिवार के दिन भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा यमुनापार जिला महामंत्री आशीष पाल ने ग्रामीणों के साथ सर्किट हाउस पहुच उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मुलाकात कर उक्त दूरी तक पक्की सड़क बनवाए जाने की मांग पत्र सौंपा। जिस पर उप मुख्यमंत्री ने दो माह के अंदर पक्की सड़क बनाएं जानें का आश्वसन दिया। पक्की सड़क बनाए जाने के आश्वसन की सूचना पर ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। और उप मुख्यमंत्री के प्रति ग्रामीणों ने आभार प्रकट किया।

### किसान संगठनों ने उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

एक सप्ताह के भीतर निस्तारण नहीं हुआ तो होगा आंदोलन : राजेश पांडेय



ज्ञापन देते भारतीय किसान यूनियन के नेता

**कोराव।** तहसील परिसर कोरांव पर भारतीय किसान यूनियन भानु एवं जिला पंचायत सदस्य पूजा पटेल के नेतृत्व में उप जिलाधिकारी कोरांव अभिनव कनौजिया को 6 सूत्री मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया जिसका नेतृत्व युवा जिला अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य पिंटू चौबे ने तथा जिला पंचायत प्रतिनिधि किसान नेता राजेश पटेल ने किया। ज्ञापन देने से पूर्व किसानों को संबोधित करते हुए मंडल उपाध्यक्ष राजेश पांडेय ने कहा कि अगर किसानों की समस्या 1 सप्ताह के भीतर पूरी नहीं होती तो आगामी बैठक देवघाट पावर हाउस पर कर आंदोलन का रूप दिया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी सासन प्रसासन की होगी। वही किसानों की आवाज उठाते हुए जिला पंचायत प्रतिनिधि किसान नेता राजेश पटेल ने कहां की आज जिस तरह से आवारा पशुओं की भरमार हो गई है वहीं विद्युत अघोषित कटौती से किसान परेशान है वही युवा जिलाध्यक्ष चौबे जी ने कहां कि इस समय वैश्विक महामारी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है लेकिन किसी भी गांव में छिड़काव न होने से महामारी को दावत देने के बराबर है क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर डॉक्टरों का अभाव है वही देवघाट महिला किसान मालती देवी का फर्जी तरीके से जमीन को दूसरे के नाम कर देना और दोषी के खिलाफ कार्रवाई न होना एक दुर्भाग्यपूर्ण है कार्रवाई की मांग की है किसानों में प्रमुख रूप से कमलेश मिश्रा राजेश मिश्रा अनिल मिश्रा मालती देवी पाल दूर्घट मिश्रा मंगला कोल के साथ सैकड़ों महिला एवं पुरुष किसान मौजूद है।

# आखिरकार नौवें दिन प्रशासन ने अनशन कारियों की शर्तें मानी

● एसडीएम ने अनशन कर रहे कांग्रेस नेताओं को जूश पिला कर तुडवाया अनशन

**अखंड भारत संदेश**



एसडीएम करछना नें अनशन पर बैठे कांग्रेस नेताओं को जूश पिला कर अनशन तुड़वाते

**करछना।** एक माह में सभी मांगे पूरा कराने का एसडीएम ने किया वादा । बता दें कि यूथ कांग्रेस के प्रदेश महा सचिव जितेन्द्र तिवारी एक माह पहले करछना एसडीएम विनोद कुमार पाण्डेय को पांच सूत्रीय मांग पत्र देकर विधानसभा करछना में बाढ प्रभावित लोगों को मुआवजा, पनासा खस्ता हाल सड़क मार्ग की मरम्मत, असहायो को आवास व जर्जर बिजली के तार बदले एवं सडकों पर स्टीट लाईट लगाये जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा था, जिसका अनुपालन समय न कराएं जाने को लेकर यूथ कांग्रेस प्रदेश महा सचिव जितेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में पिछले आठ दिनों से जितेन्द्र तिवारी, आयुष मिश्रा, धर्मराज यादव उर्फ बड़कऊ, एवं सत्यम सिंह क्रमिक अनशन तहसील करछना के समीप सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सामने पर बैठे थें । क्रमिक अनशन के नौवें दिन एसडीएम करछना विनोद कुमार पाण्डेय सहित बिजली विभाग के अधिशाषी अभियन्ता व पी डब्लू विभाग के अधिकारियों ने क्रमिक अनशन स्थल पर शनिवार दोपहर अनशन कारियों से वार्त कर एक महीने के अंदर सभी मांगे पूरा कराने का आश्वासन दिया है । शर्ते मान लेने के बाद अनशन पर बैठे चारों अनशन कारियों को एसडीएम ने जूश पिला कर अनशन तुड़वाया। इस मौके पर वरिष्ठ नेताओं में रंगराज सिंह जिला उपाध्यक्ष डा दिनेश कुमार सोनी महासचिव जिला कांग्रेस शिव बिजय सिंह सुरेश कुमार पटेल पी आर भट्टाचार्य एडवोकेट प्रकाश पाण्डेय एडवोकेट ब्लॉक कांग्रेस सचिव आशिष मिश्र दत्तात्रेय तिवारी सूरज शुक्ल लालचंद यादव एडो पवनेश कुमार सोनी रविराजसिह राकेश पटेल बृजेश सिंह रबी प्रजापति सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### समाजसेवी के निधन पर कांग्रेस कार्यकताओं ने शोंक सभा-कर दी श्रदाँजलि

**करछना।** स्थानीय करछना गांव निवासी समाजसेवी और बहुत दिनो तक काग्रेस पार्टी के लिए करछना मे एक स्तभ की तरह कार्य करने वाले रमेश प्रताप सिह के निधन पर शोकसभा आयोजित की गई,बीते दिनो उनकी लंबी बीमारी के बाद लखनउ के एक अस्पताल मे इलाज के दौरान मौत हो गई थी।शोकसभा मे मौजूद डॉ.दिनेश सोनी ने कहा कि उनका शात स्वभाव और सादगी भरा व्यक्तित्व बनावटी पन से कोसो दूर था अपने इसी स्वाभाव के चलते वे सभी पार्टी के कार्यकर्ताओ मे राजनीति से अलग हटकर बहुत लोकप्रिय थे। इस मौके पर मौजूद लोगो ने दो मिनट का मौन रखते हुए आत्मशांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। शोकसभा मे रगराज सिह, सुरेश पटेल सुरेश शुक्ला,विपिन सिह दिनेश ठेकेदार, मुन्ना सिह, अशोक सिह, राम अवध यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# संगम नगरी में नहीं घट रहा डेंगू का प्रकोप, नौ नए मरीज मिले

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिले में डेंगू का प्रकोप थम नहीं रहा है। शुक्रवार को डेंगू के नौ नए मरीज चिह्नित किए गए। पोर्टल पर सक्रिय केस कुल 16 दर्ज किए गए हैं। अब तक 136 डेंगू संक्रमितों की पुष्टि हुई है। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. आनंद कुमार सिंह के मुताबिक शहर में अब तक 95 और ग्रामीण इलाकों के 41 डेंगू के मामले सामने आए हौं। उन्होंने डेंगू से किसी की मौत से इनकार किया है, जबकि एक एसआई की मौत डेंगू से हो चुकी है। पोर्टल पर यह मौत दर्ज नहीं है। नए डेंगू संक्रमितों में कोटवा के दो, चाका का एक, हंडिया का एक, नैनी के दो, झूंसी का एक तथा शिवकुटी के दो मरीज शामिल हैं। वहीं कालिंदीपुरम, बघाड़ा, शिवकुटी समेत 13 वार्डों के तीन सौ से अधिक घरों और आसपास के क्षेत्रों में एंटी लार्वा छिड़काव कराया गया।




### दस डेंगू संक्रमित अस्पतालों में भर्ती

एसआरएन और बेली अस्पतालों के डेंगू वार्डों में भर्ती मरीजों को दवा, इलाज के साथ मच्छरदानी दी जा रही है। दिन में तीन बार दवाओं का छिड़काव और मच्छर मार दवाओं का स्प्रे किया जा रहा है। एसआरएन के नोडल डॉ. सुजीत वर्मा के मुताबिक डेंगू वार्ड में छह संक्रमितों को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। डीएमओ के मुताबिक दस डेंगू संक्रमित अस्पतालों में भर्ती हैं।

### पंचायत चुनाव में जान गवा चुके कर्मचारियों के परिजनों को मिले 18 करोड़

**प्रयागराज।** कोरोना की दूसरी लहर के दौरान हुए पंचायत चुनाव में जान गंवाने वाले कर्मचारियों के परिजनों को निर्वाचन कार्यालय द्वारा 30-30 लाख रुपये की धनराशि आवंटित कर दी गई है। कुल 60 मृत कर्मचारी और उनके वारिसान के नाम की सूची जारी की गई है। मृतक कर्मचारियों के परिजनों को 18 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। प्रयागराज में कोरोना की दूसरी लहर के दौरान अप्रैल माह में पंचायत चुनाव हुए थे। तब पंचायत चुनाव में कोरोना संक्रमित होने के बाद कई कर्मचारियों की जान चली गई थी। कर्मचारियों की मौत के बाद से ही उनके परिजनों को मुआवजा दिए जाने की मांग की जा रही थी। इस दौरान अनुग्रह राशि बढ़ाने की मांग कर्मचारी संगठनों द्वारा की गई। जिले में पहले चरण में एक भी कर्मचारी को इसके पात्र नहीं पाया गया था।

# महामहिम की मौजूदगी में बिजली गुल होने के मामले में अभियंताओं पर लटकी तलवार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के संगमनगरी दौरे के समय इलेक्ट्रिकल फाल्ट बिजली विभाग के कई अफसरों के लिए गले की फांस बन सकता है। जिलाधिकारी संजय खत्री ने इस मामले की जांच के आदेश दिए हैं। इस मामले में म्योहाल डिवीजन के दो अभियंताओं पर कार्रवाई किए जाने के संकेत मिले हैं। मुख्य अभियंता विनोद कुमार गंगवार ने राष्ट्रपति के आगमन के समय फाल्ट की पुष्टि की, लेकिन किसी भी कार्यक्रम के दौरान बिजली की वजह से व्यवधान आने से इंकार किया है। बीते 11 सितंबर को राष्ट्रपति के आगमन के दौरान बिजली गुल होने का मामला अभियंताओं के गले की हड्डी बन सकता है। मुख्य समारोह के संबोधन के बाद कुछ देर के लिए बिजली चली गई थी। हालांकि जेनरेटर बैकअप के लिए लगाए गए थे, लेकिन राष्ट्रपति की मौजूदगी के समय बिजली गुल होने के मामले को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। कहा जा रहा है कि बिजली ऐसे समय गुल हुई जब हफ्ते भर पहले से मुख्य अभियंता और अधीक्षण अभियंता की मौजूदगी में राष्ट्रपति के संभावित रूटों और स्थलों पर चाक-चौबंद बिजली आपूर्ति के लिए मशक्कत पूरी की जा चुकी थी।अधीक्षण अभियंता आरके सिंह ने बताया कि इस मामले की अभी जांच की जा रही है कि बिजली आपूर्ति के दौरान फाल्ट किन वजहों से आया। इस मामले में म्योहाल डिवीजन के एसडीओ और जेई पर कार्रवाई किए जाने के संकेत मिले हैं। मुख्य अभियंता ने बताया कि उनकी टीमें हर स्थल पर मुस्तैदी से लगी रहीं। फाल्ट आने के दौरान जेनरेटर बैकअप में होने की वजह से किसी तरह का व्यवधान आने की पुष्टि नहीं हुई है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति कोविंद झलवा में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के अलावा हाईकोर्ट में एडवोकेट चेंबर और मल्टीलेवल पार्किंग की आधारशिला रखने आए थे। हाईकोर्ट परिसर में आयोजित समारोह में हिस्सा लेने के बाद उन्होंने सर्किट हाउस में कुछ लोगों से मुलाकात की थी। इसके बाद वह पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल केशरी नाथ त्रिपाठी से मिलने उनके घर गए थे। इसी दौरान फाल्ट आने की बात कही जा रही है। राष्ट्रपति के आगमन के समय बिजली गुल होने की जांच कराई जा रही है। बिजली विभाग की ओर से जो रिपोर्ट भेजी गई थी, वह संतोषजनक न होने की वजह से वापस कर दी गई है। इस मामले की दोबारा रिपोर्ट मांगी गई है। ताकि, फाल्ट के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

**जिलाधिकारी-संजय खत्री।**

# सनातन धर्म ग्रंथो में पितरों को संदेशवाहक कहा गया है : आचार्य धीरज द्विवेदी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापपुर।** सोमवार से प्रारंभ हो रहे पितृपक्ष पर प्रकाश डालते हुए आचार्य धीरज द्विवेदी "याज्ञिक"ज्योतिष वास्तु धर्मशास्त्र एवं वैदिक अनुष्ठानों के विशेषज्ञ ने बताया कि शास्त्रों में बताया गया है कि ॐ अर्यमा तृप्यताम इदं तिलोदकं तस्मै स्वधा। ॐ मृत्योर्मा अमृतं गमय। अर्थात अर्यमा पितरों के देव हैं जो सबसे श्रेष्ठ है उन अर्यमा देव को मैं प्रणाम करता हूँ। हे ! पिता, पितामह, और प्रपितामह। हे ! माता, मातामह और प्रमातामह आपको भी बारम्बार प्रणाम है, आप हमें मृत्यु से अमृत की ओर ले चलें आचार्य धीरज द्विवेदी "याज्ञिक" जी ने बताया कि इसका अर्थ है कि हम पूरे वर्ष भर अपने देवों को समर्पित अनेकों पर्वों का आयोजन करते हैं, लेकिन हममे से बहुत लोग यह अनुभव करते है की हमारी प्रार्थना देवों तक नही पहुँच पा रही है, आचार्य जी ने बताया कि हमारे पूर्वज देवताओं और हमारे मध्य एक सेतु का कार्य करते हैं,और जब हमारे पितृ हमारी श्रद्धा,हमारे भाव,हमारे कर्मों से तृप्त हो जाते हैं,हमसे संतुष्ट हो जाते हैं तो उनके माध्यम से हमारी प्रार्थना देवताओं तक बहुत ही आसानी से पहुँच जाती है और हमें मनवांछित फलों की शीघ्रता से प्राप्ति होती है।

## पितृ पक्ष में पित्तरों का श्राद्ध और तर्पण इस प्रकार करें



1. पितृ पक्ष में प्रतिदिन पित्रों के निमित्त जल,काला तिल और पुष्प के साथ पित्रों का तर्पण करने से पितृ प्रसन्न होते हैं और पितृ दोष दूर होता है। 2. श्राद्ध पक्ष में अपने पित्रों की मृत्यु तिथि पर पिंडदान करें एवं किसी ब्राह्मण को अपने पूर्वजों की पसंद का भोजन अवश्य कराएं। ऐसा करने से भी पित्रों का आशीर्वाद प्राप्त होता है.! 3. पितृ पक्ष में अपने पित्रों के मोक्षार्थ तथा पितृदोष निवारण हेतु अपने पित्रों के नाम से श्रीमद्भागवत कथा,भगवत गीता, गरूड़ पुराण, नारायण बली,त्रिपिंडी श्राद्ध, विष्णु सहस्त्रनाम, नारायण कवच,गजेन्द्र मोक्ष का पाठ एवं पितृ गायत्री मंत्र* का जाप अपने सामर्थ्य अनुसार अवश्य करायें इससे पित्रों को शांति एवं मोक्ष प्राप्त होता है। 4. श्राद्ध पक्ष में गया जी जाकर अपने पित्रों का श्राद्ध अवश्य करना चाहिए।ऐसा करने से भी आपके पितृगण मोक्ष को प्राप्त हो कर शांत होते हैं और आपको पितृ दोष से मुक्ति मिलती है। 5. यदि आपको अपने पित्रों की मृत्यु तिथि नहीं पता है तो आप सर्व पितृ अमावस्या पर उनका श्राद्ध कर सकते हैं। ऐसा करने से भी आपको पितृ दोष से मुक्ति मिलती है तथा पितृ प्रसन्न होते हैं। 6. आपको सर्व पितृ अमावस्या पर किसी पवित्र नदी में स्नान अवश्य करना चाहिए और योग्य ब्राह्मण से अपने पित्रों का श्राद्ध कराना चाहिए और यथा शक्ति ब्राह्मणों को भोजन कराकर उन्हें अपने सामर्थ्य के अनुसार दक्षिणा देनी चाहिए। 7. पितृ पक्ष में आपको कौवों को भोजन अवश्य कराना चाहिए।क्योंकि माना जाता है कि इस समय में हमारे पितृ कौवों का रूप धारण करके धरती पर उपस्थित रहते हैं। 8. आपको पितृ पक्ष में गाय की सेवा अवश्य करनी चाहिए। आपको गाय को भोजन करना चाहिए और किसी गऊशाला में भी दान अवश्य देना चाहिए।तथा पित्र पक्ष में पंचबलि अवश्य करना चाहिए। जिसमें देव,गाय, अतिथि,चींटी,कुत्ता,और कौआ इन सबको भोजन अवश्य देना चाहिए।

## सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग की हुई मौत परिजनों में कोहराम

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के एग्रीकल्चर कैंपस के समीप बीती रात सड़क दुर्घटना में एक 75 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। जानकारी के मुताबिक अब्दुल खालिक (75) पुत्र स्वर्गीय समतुल्ला निवासी नेहरू नगर, नई बाजार, थाना कोतवाली जनपद भदोही के रहने वाले थे। शुक्रवार रात को नैनी कोतवाली क्षेत्र के एग्रीकल्चर कैंपस के समीप एक कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में परिजनों ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराए थे। जहां शनिवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। तहरीर मिलने पर पुलिस ने नैनी कोतवाली में मुकदमा अपराध संख्या 740 /21 धारा 279, 304 ए आईपीसी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत की है।

# सीडीओ ने देवरिया का किया निरीक्षण

पंचायत भवन के निर्माण में शिथिलता पर लगाई फटकार

**अखंड भारत संदेश**



देवरिया गांव के लोगों से पूछताछ करते सीडीओ प्रयागराज सीपू गिरी

**घूरपुर।** क्षेत्र के देवरिया गांव का शनिवार के दिन सीडीओ ने निरीक्षण किया तो स्थानीय विकास अधिकारियों में हड़कम्प मच गया। सीडीओ ने गांव में चल रहे विकास कार्यो का निरीक्षण किया । इस बीच सीडीओ ने विगत एक वर्ष पूर्व से निमार्णाधीन पंचायत भवन को अधूरे हाल में देख संबंधित सचिव व कार्यदाई संस्था को फटकार लगाते हुए जल्द कार्य पूरा करने का निर्देश दिया ।

सीडीओ प्रयागराज सीपू गिरी शनिवार के तहसील बारा सम्पूर्ण समाधान दिवस गए हुए थे । वहां से लौटे तो उन्होंने बीडीओ जसरा अमित मिश्र को देवरिया गांव चलने के लिए कहा ।सीडीओ गांव पहुंचे तो सबसे पहले उनकी नजर विगत एक वर्ष पूर्व से निमार्णाधीन पंचायत भवन पर पड़ी । सचिव अमरेश सिंह से कार्य मे शिथिलता के बारे में पूंछा तो कुछ जवाब नही मिला जिस पर सीडीओ ने फटकार लगाई और जल्द कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। इस बीच प्रधान महंत राजीव गिरी ने सीडीओ को बताया कि गांव के बच्चों को पढ़ने के लिए यहां प्राथमिक विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र नही है । जिसे गम्भीरता से लेते हुए बीडीओ अमित मिश्र को प्रस्ताव बनाकर भेजने की बात कही । साथ ही ओपेन जिम का निर्माण कराने का भी निर्देश दिया । गांव में विगत दिनों हुए कार्यो का अवलोकन भी किया । गांव में मौजूद घूरपुर पीएचसी का निरीक्षण किया जहां स्टाफ नही मिला जिस पर नाराजगी जाहिर की । समूह के सदस्यों से मिलकर हाल जाना। सीडीओ ने सुजावन देव मंदिर पहुंच मंदिर की जर्जर स्थित देख भाव विभोर हुए ।और सुजावन देव के विकास के लिए भी प्रयास करने की बात कही।

## खबर संक्षेप

### शाहरुख ने किया सरेंडर, एटीएस ने गुप्त स्थानों पर ले जाकर शुरू की जांच पड़ताल

**प्रयागराज।** आतंकी मॉड्यूल मामले में विस्फोटक बरामद होने के बाद से ही गायब चल रहा पोल्ट्री फार्म संचालक शाहरुख भी शनिवार को पुलिस के सामने पहुंच गया। उसने खुद को पुलिसकर्मियों के हवाले कर दिया। जानकारी पर एटीएस की टीम पहुंची और फिर उसे पुलिस लाइन ले जाकर घंटों पूछताछ में जुटी रही। शाम को एटीएस की टीम उसे शहर में ही गोपनीय स्थान पर ले गई जहां उससे पूछताछ जारी है। मुट्ठीगंज निवासी शाहरुख 14 सितंबर को डांडी स्थित पोल्ट्री फार्म से विस्फोटक बरामद होने के बाद से ही गायब था। एटीएस की टीम ने उसके नंबर पर संपर्क किया तो उसने कौशाम्बी में होने की बात बताई। लेकिन कुछ देर बाद उसने मोबाइल बंद कर लिया। इसके बाद उसका कुछ पता नहीं चला। एक दिन पहले उसने फेसबुक पर वीडियो वायरल कर खुद को निर्दोष बताया।यह भी कहा कि वह सरेंडर करने जा रहा है लेकिन पुलिस ने इंकार किया। शनिवार सुबह 11 बजे के करीब वह खुद पुलिस के पास पहुंच गया और खुद को उनके हवाले कर दिया। मामले की जानकारी हुई तो एटीएस की टीम पहुंच गई और उसे हिरासत में लेकर पुलिस लाइन ले जाया गया। वहां घंटों उससे पूछताछ चलती रही। शाम को एटीएस उसे किसी गोपनीय स्थान पर लेकर चली गई जहां उससे देर रात तक पूछताछ जारी रही।सूत्रों का कहना है कि शाहरुख शनिवार को अपने घर पर ही था। इसी दौरान उसके मोबाइल पर कोतवाली पुलिस का फोन आया। जिसके बाद उसे मानसरोवर के पास बुलाया गया। इस दौरान क्राइम ब्रांच को भी अलर्ट पर कर दिया गया था। शाहरुख का मोबाइल भी सर्विलांस पर लगा दिया गया था। हालांकि वह खुद ही पहुंच गया जिसके बाद पुलिसकर्मी उसे कोतवाली ले गए। वहां उसने पुलिस को बताया कि पोल्ट्री फार्म उसके भाई के नाम पर है जिसका संचालन वह करता था। सूत्रों का कहना है कि शाहरुख एक दिन पहले भी खुद को पुलिस को सौंपने के लिए कोतवाली पहुंचा था। लेकिन तब थाने के एक दरोगा ने उसे वापस घर भेज दिया। दरसअल वीडियो वायरल करने के बाद वह कोतवाली पहुंच गया था। कोतवाली में पहुंचकर उसने वहां मिले दरोगा से कहा कि पुलिस उस तलाश रही है तो उसने उसका नाम पूछा।अन्य पुलिसकर्मियों से पूछताछ के बाद इस नाम का कोई अपराधी थाने से वांछित न होने पर दरोगा ने उसे घर वापस भेज दिया।

# प्रदेश समेत श्रृंगवेरपुर धाम में बह रही विकास की गंगा : केशव मौर्य

● श्रृंगवेरपुर धाम में गंगा पर फोरलेन का पुल एवं इंजीनियरिंग ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट समेत 17 परियोजनाओं का किया शिलान्यास ● विपक्षियों की कूट रचित साजिश है किसान आंदोलन

अनूप मिश्रा

**प्रयागराज।** श्रृंगवेरपुर धाम के विकास कार्यों के लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार ने खजाना खोल दिया है। लगातार विकास कार्यों की बयार चल रही है। राज्य स्तरीय इंजीनियरिंग ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट, श्रृंगवेरपुर धाम में गंगा पर फोरलेन सेतु समेत 17 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान से जुड़े सभी स्थलों को राम वन गमन मार्ग से जोड़ने का भी भरोसा दिलाया। विपक्षी दलों पर शब्दों के बाण छोड़े।

शनिवार को श्रृंगवेरपुर धाम पहुंचे डिप्टी सीएम ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं का जनता लगातार लाभ उठा रही है। देश एवं प्रदेश में भाजपा की बढ़ती लोकप्रियता से विपक्षी दलों की बौखलाहट बढ़ गई है। लखनऊ में स्थापित होने वाले इंजीनियरिंग ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट को श्रृंगवेरपुर धाम लाने का भाजपा सरकार ने सफल प्रयास किया है। राज्य के कोने कोने से इंजीनियर प्रशिक्षण लेने के लिए श्रृंगवेरपुर धाम पहुंचेंगे। अयोध्या से चित्रकूट को जाने वाला राम वन गमन मार्ग के बीच श्रृंगवेरपुर धाम में गंगा पर फोरलन सेतु बनेगा। श्रृंगवेरपुर धाम में निमार्णाधीन निषादराज पार्क में 51 फीट की मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम से केवट की गले मिलते प्रतिमा लगाई जाएगी। संगम से श्रृंगवेरपुर धाम तक दर्शनार्थियों के लिए जल के रास्ते बनाए जाने की योजना है। इसी प्रकार पूरे प्रदेश में जाति धर्म से ऊपर उठकर केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार विकास कार्यों की गंगा बहा रही है। इससे पूर्व फूलपुर सांसद केसरी देवी पटेल, फाफामऊ विधायक विक्रमाजीत मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीके सिंह, पूर्व विधायक प्रभा शंकर पांडे, पूर्व विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, कन्हैया लाल पांडे आदि ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक विक्रमाजीत मौर्य ने किया। संचालन की भूमिका राष्ट्रीय रामायण मेला महामंत्री उमेश चंद्र द्विवेदी ने निभाई। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन प्रदीप केसरवानी, संजय तिवारी, रामचंद्र फौजी, जगदीश पटेल, उमेश तिवारी, रमेश साहू, राजेंद्र अग्रवाल, भोले सभासद, अजीत गुप्ता, पूर्व सभासद राकेश केसरवानी, डॉक्टर रमापति त्रिपाठी, गुड्डू राजा आदि तमाम लोग उपस्थित रहे।





श्रृंगवेरपुर धाम में सभा को संबोधित करते डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य व कार्यक्रम में उपस्थित लोग



डिप्टी सीएम को प्रभु श्री राम का पैर उखारते केवट का प्रतीक चिन्ह देते संजय तिवारी।



डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को बुके देते पूर्व विधायक प्रभा शंकर पांडे व गुरु प्रसाद मौर्य।



जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीके सिंह को प्रभु श्री राम माता सीता और अनुज लक्ष्मण को नौका से पार कराने का प्रतीक चिन्ह देते डॉ बालकृष्ण पांडे।

### श्रृंगवेरपुर धाम को तहसील बनाने की विधायक ने उठाई मांग

ऐतिहासिक एवं पौराणिक श्रृंगवेरपुर धाम को ब्लॉक का दर्जा मिल गया है। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक विक्रमाजीत मौर्य ने श्रृंगवेरपुर धाम को तहसील बनाए जाने की प्रबल मांग उठाई। इसी कड़ी में फाफामऊ विधानसभा का नाम बदलकर श्रृंगवेरपुर धाम किए जाने की भी आवाज बुलंद की।

### जहां-जहां भगवान के पग पड़े वहां बनेगा मार्ग

प्रभु श्री राम के हर उस स्थान को राम वन गमन मार्ग से लिंक किया जाएगा जहां-जहां उनके पग पड़े हैं। ताकि दर्शनार्थियों को दर्शन पूजन करने में इसी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े।

### सड़क एवं बिजली की और बेहतर होगी व्यवस्था

पिछली सरकारों में बिजली की स्थिति बद से बदतर थी। प्रदेश की सरकार ने जनता को जहां बेहतर बिजली मुहैया कराया है। वहीं प्रयागराज में सड़कों का जाल बिछा दिया गया है। राहगीर आसानी से यात्रा कर रहे हैं। हालांकि इसकी स्थिति और बेहतर बनाई जाएगी।

### समाजवादी को अब याद आई है मंदिर

सपा सरकार में अखिलेश यादव ने इफ्तार पार्टी के साथ मस्जिदों की बात करने वाले अब विश्वकर्मा भगवान की मंदिर बनवाने की बात कर रहे हैं। भाजपा सरकार के अलावा किसी सरकार में राम मंदिर बनवाने का साहस नहीं जुटा सके। आज समाजवादी पार्टी को मंदिर याद आ रही है। यह भी भाजपा की ही देन है।

### लालगोपालगंज से प्रयागराज तक गुंडों का उजड़ गया अड्डा

क्षेत्र में गुंडों का बोलबाला था। राइफल धारी असलहे की नोक पर डरा धमका कर लूटमार करते थे। जंगलराज था।भाजपा सरकार आते ही लालगोपालगंज से लेकर प्रयागराज तक गुंडों के सभी अड्डे उजड़ गए।

# जस्टिस राजेश बिंदल होंगे इलाहाबाद हाईकोर्ट के नए कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** जस्टिस राजेश बिंदल इलाहाबाद हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश हो सकते हैं। इनका नाम लगभग फाइनल हो गया है। अभी तक जस्टिस मुनीश्वरनाथ भंडारी कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश हैं। वह 26 जून से इस पद पर कार्य कर रहे हैं। कलकाता हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश से पहले जस्टिस राजेश बिंदल जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के पद पर कार्यरत थे।

इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के पद पर नियुक्त होने वाले जस्टिस राजेश बिंदल का जन्म 16 अप्रैल 1961 को हरियाणा के अंबाला शहर में हुआ। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से 1985 में एलएलबी करने के बाद वह सितंबर 1985 में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय में अपना करियर शुरू किया। उन्होंने 2004 से एक दशक से ज्यादा समय तक केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण के समक्ष चंडीगढ़ प्रशासन का प्रतिनिधित्व किया।

उन्होंने पंजाब और हरियाणा में लगभग 80 हजार मामलों का निस्तारण किया। जस्टिस बिंदल उच्च न्यायालय के समक्ष कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के मामले में पंजाब और हरियाणा क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने के साथ 1992 में केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण में शामिल हुए। उन्होंने सतलुज-यमुना जल से संबंधित विवाद के निपटारे में पंजाब राज्य के साथ एराडी ट्रिब्यूनल के समक्ष और सर्वोच्च न्यायालय में हरियाणा का पक्ष रखा। हाईकोर्ट में उच्च न्यायालय के समक्ष आयकर विभाग हरियाणा का प्रतिनिधित्व किया। उन्हें 22 मार्च 2006 को पंजाब और हरियाणा के उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया। वह 2016 में मुख्य न्यायाधीशों के सम्मेलन में इलेक्ट्रानिक साक्ष्य के लिए मसौदा नियम तैयार करने के लिए गठित समिति के अध्यक्ष रहे। इसके साथ अंतरराष्ट्रीय बाल अपहरण विधेयक 2016 के नागरिक पहलुओं का अध्ययन करने के लिए उन्होंने सिफारिशों और मसौदे के साथ रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने पंजाब और हरियाणा में लगभग 80 हजार मामलों का निस्तारण किया। जम्मू-कश्मीर के उच्च न्यायालय आने से पहले वह कंप्यूटर समिति, एरियर्स समिति सहित अन्य कई समितियों का नेतृत्व कर रहे थे।

### उत्तर प्रदेश लेखा परीक्षा एसोसिएशन के अध्यक्ष बनें अल्प नारायण सिंह

**करछना।** विकास खंड के हेड कैशियर के पद तैनात अल्प नारायण सिंह उत्तर प्रदेश लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा एसोसिएशन जनपद ईकाई प्रयागराज के दूसरी बार अध्यक्ष पद चयन किया गया है, शनिवार को प्रयागराज के मनफोंडगंज के एक रैस्टोरेंट में आयोजित द्वितीय वार्षिक अधिवेशन में उपस्थित संघ पदाधिकारियों ने अल्प नारायण सिंह उत्तर प्रदेश लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा एसोसिएशन जनपद ईकाई प्रयागराज को दुबारा अध्यक्ष पद पर चयन किया गया है ।दुबारा अध्यक्ष पद पर चयन होने के बाद अल्प नारायण सिंह ने सभी साथियों को अपने संबोधन में सभी सम्मानित मित्र जन को आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया । वही करछना विकास खंड के मनीषा शुक्ला प्रभारी मनरेगा विभाग, एडीओ पंचायत विवेक कुमार मिश्रा, एडीओ आई एस बी रामेश्वरम प्रसाद सिंह, महेंद्र कुमार यादव रोजगार सेवक संघ करछना अध्यक्ष, सचिन यादव रोजगार सेवक, मोहम्मद फिरोज, रवि चंद, संजय कुमार, मुदित प्रताप सिंह, संतोष कुमार यादव, समर सिंह, धीतेश तिवारी महामंत्री प्रधान संघ करछना ग्राम पंचायत चनैनी, प्रधान प्रतिनिधि एवं अध्यक्ष प्रधान संघ करछना एडवोकेट अवतार किशन सिंह ,सहित लोगों नें बधाई दी है ।

# बसपा ही बनाएगी पूर्ण बहुमत की सरकार : कल्पना मिश्रा



सम्मेलन को संबोधित करती बसपा नेता सतीश चंद्र मिश्र की पत्नी कल्पना मिश्रा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था, महिलाओं के उत्पीड़न, बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से जनता त्रस्त है। यह बातें बहुजन समाज पार्टी की वरिष्ठ नेता कल्पना मिश्रा ने शनिवार को सिविल लाइंस स्थित एक होटल में प्रबुद्ध महिला विचार संगोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कहीं। बसपा के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चन्द्र मिश्र की पत्नी मिश्रा ने कहा कि आगामी 2022 के यूपी विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी मायावती के नेतृत्व में पांचवीं बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी मंडलों में जिलेवार महिलाओं को लेकर महिला प्रबुद्ध संगोष्ठी लगातार की जा रही है।

लगातार महिलाओं में बसपा और मायावती के प्रति बढ़ते रुझान से भाजपा, सपा और कांग्रेस में बेचैनी है। आगे उन्होंने कहा 2007 से 2012 के बसपा और मायावती के सुशासन को प्रदेश की जनता ने देखा है। बसपा शासनकाल में संविधान के अनुरूप कानून का राज रहा है। सभी क्षेत्रों में विकास कार्य हुआ किन्तु वर्तमान भाजपा शासन में मंहगाई, भ्रष्टाचार ,जुल्म व अत्याचार से प्रदेश की जनता त्राहि त्राहि कर रही है। केंद्र और प्रदेश की सरकार पूंजीपतियों के इशारे पर कार्य कर रही है। इस मौके पर संजय गोस्वामी की पत्नी ने गणेश की मूर्ति, गदा व त्रिशूल भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। विचार संगोष्ठी को पूर्व नकुल दूबे, संजय गोस्वामी, कपिल मिश्रा, अतुल द्विवेदी, अर्चना त्रिपाठी, रंजना त्रिपाठी ने भी संबोधित किया। संगोष्ठी में भारी संख्या महिलाएं उपस्थित रहीं।

### कैबिनेट मंत्री के घर नारेबाजी करने वाले पांच युवकों का हुआ चालान

**प्रयागराज।** कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी के घर के बाहर नारेबाजी करने वाले पांच युवकों का शांतिभंग में चालान कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि मंत्री की ओर से कोई शिकायत नहीं मिली जिसके बाद आरोपी युवकों के खिलाफ एहतियातन कार्रवाई की गई। उन्हें कोर्ट में मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया, जहां वह मुचलके पर छोड़ दिए गए ।पकड़े गए गए युवकों ने एक दिन पहले मंत्री नंदी के घर केबाहर नारेबाजी की थी। जिसके बाद उन्हें जमकर पीटा भी गया था। उनका आरोप था कि मंत्री ने राजाभैया के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की। रात में ही हिरासत में लेकर उन्हें पुलिस लाइन भेज दिया गया था। रात भर पुलिस लाइन में ही रखने के बाद शनिवार सुबह पांचों का शांतिभंग में चालान कर दिया गया।आरोपी युवकों में आशू शुक्ला उर्फ शिवम निवासी चौखंडी कीडगंज, अनिल पांडेय निवासी चौखंडी कीडगंज, संजय पांडेय निवासी कोहड़ार, थरवई, प्रियंक मिश्रा निवासी गड़रा, लालगंज मिजार्पुर और उमेश बिंद निवासी हथिगहा नवाबगंज शामिल हैं। कोतवाली इंस्पेक्टर नरेंद्र प्रसाद का कहना है कि मामले में किसी तरह की कोई शिकायत नहीं मिली। आरोपी युवकों का शांतिभंग में चालान किया गया है।



विकास खण्ड कार्यालय का जायजा लेते सीडीओ



पंचायत भवन का निरीक्षण करते सीडीओ

# जसरा में सीडीओ ने ली ब्लाक कर्मचारियों की क्लास, दस सचिवों को दी प्रतिकूल प्रविष्टि

अखंड भारत संदेश

**जसरा।** विकास खंड जसरा में मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज ने ब्लाक के सचिवों संग एक समीक्षा बैठक कर विकास कार्यों का जायजा लिया तथा कार्य में लापरवाही को लेकर दस ग्राम पंचायत अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि देने का आदेश दिया। शनिवार को दोपहर बाद समाधान दिवस से लौटे प्रयागराज के मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरी विकास खंड कार्यालय जसरा पहुंचे। ब्लाक सचिवों/कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक में मनरेगा ,प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, सामुदायिक शौचालय, पंचायत भवन आदि विकास कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। सीडीओ प्रयागराज शिपू गिरि ने दस ग्राम पंचायत अधिकारियों को कार्य में लापरवाही बरतने को लेकर प्रतिकूल प्रविष्टि के लिए निर्देशित किया है। खंड विकास अधिकारी जसरा अमित मिश्र ने बताया कि आवास योजना, पंचायत भवन ,पेंशन, मनरेगा आदि के निस्तारण में लापरवाही को लेकर दस ग्राम पंचायत अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है तथा निर्देशित किया गया है कि सभी कार्य का निर्धारण समय में पूर्ण करें । इस अवसर पर एडीओ पंचायत श्याम लाल तिवारी, एडीओ आईएसबी रामपाल, एडीओ सी राकेश सिंह के साथ ही सचिव राजीव मिश्रा, मनोज प्रजापति, अंशुमान सिंह, यशवंत सिंह, नीलकमल ,अमित शुक्ला, दीप्ति मिश्रा,बृजेन्द्र सिंह, रामलाल यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# पीएम के नेतृत्व में विश्व में भारत का डंका बज रहा है : ओम प्रकाश त्रिपाठी

विधायक मेजा नीलम करवरिया ने कहा-भाजपा सरकार में सभी वर्गों का विकास हुआ, भाजपा का प्रबुद्ध सम्मेलन सम्पन्न

अखंड भारत संदेश



भाजपा प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के सम्मेलन में ओम प्रकाश त्रिपाठी जिलाध्यक्ष भाजपा व विधायक नीलम करवरिया

**मेजा रोड।** भाजपा का विकास इतना है कि श्रीमद् भागवत कथा की तरह भाजपा की आत्मकथा हो जाएगी। विकास का सम्मान भाजपा ने किया है। सपा, बसपा ने 467 किलोमीटर एक्सप्रेसवे बनाया और वहीं भाजपा ने अकेले 594 किमी हाइवे बनवा रही है।

उक्त बातें ओम प्रकाश त्रिपाठी जिलाध्यक्ष भाजपा प्रतापगढ़ ने मेजा विधानसभा अंतर्गत वृंदावन गेस्ट हाउस बिसहिजन कला में आयोजित भाजपा प्रबुद्ध सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि कहीं। उन्होंने आगे कहा कि-भाजपा ने उत्तर प्रदेश से जातिवाद परिवारवाद छोड़कर सबका साथ सबका विकास के तर्ज पर काम किया है। उन्होंने सपा, बसपा, कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इन सरकारों ने केवल गरीबों का शोषण हुआ है, जबकि भाजपा सरकार में गरीब को खुशहाल जीवन बिताने के लिए जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है। जिसे देखते हुए एक बार फिर 2022 मे कमल खिलाएं और भाजपा की सरकार बनाएं।

सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक मेजा नीलम उदयभान करवरिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में सभी वर्गों का विकास हुआ है। श्रीमती करवरिया ने आगे कहा कि अब तक मैं विवादों से दूर रही हूं और आगे भी दूर रहूंगी। मुझे अपनी बेटी के रूप में, बहू के रूप में, भाभी के रूप में अपना आशीर्वाद दें और उत्तर प्रदेश में पुनः भाजपा की सरकार बनाएं। जो वादे पूरे नहीं हो पाए हैं, अपना आशीर्वाद दें उसे आगे पूरा किया जाएगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवानंद शुक्ला व संचालन अनिल शुक्ला ने किया। देवी पांडे अध्यक्ष लोक सेवा आयोग, मेजा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्रा, धनंजय पांडे विधानसभा प्रभारी मेजा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख मेजा डाक्टर प्रेमशंकर शुक्ल उर्फ मुन्नन शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता जयशंकर पांडे, सुशील मिश्रा, राजू शुक्ला, विजय कांत मिश्रा, पप्पू उपाध्याय, श्यामराज यादव, नीरज द्विवेदी, प्रधान संघ अध्यक्ष राजेश द्विवेदी, पंकज द्विवेदी, सुशील केशरी, पुष्कर तिवारी, शैलेश पांडे विधायक प्रतिनिधि सहित सैकड़ों पार्टी के नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जनशिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं: जिलाधिकारी

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में शनिवार को बारा तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतों को सुनते हुए डीएम ने सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्धता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि जनशिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिंदुओं में से एक है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता न बरती जाये। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में कोविड-19 के मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कहा है। इस अवसर पर कुल 245 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें राजस्व विभाग की 122 पुलिस विभाग की 55 एवं अन्य की 68 शिकायतें दर्ज करायी गयी, जिसमें से 20 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु डीएम ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को आज ही अपने विभागों से सम्बंधित शिकायती प्रार्थना पत्रों को प्राप्त करते हुए निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दशा में शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा में अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कर लिया जाये। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं होगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सलीम खान ने प्रधानमंत्री आवास योजना मुख्यमंत्री आवास योजना देने को आवेदन दिया। जिस पर जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक श्री के0के0 सिंह को जॉच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। इसी क्रम में गोपाल सिंह ने हल्का लेखपाल द्वारा अवैध कब्जा की शिकायत की गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने तहसील बारा को जॉच कर कार्यवाही करने का निर्देश दिया।इसी तरह रामधीरज तिवारी द्वारा भूमिधरी जमीन पानी निकासी की शिकायत की गयी, जिसपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि तहसीलदार बारा एवं खण्ड विकास अधिकारी को मौके पर जाकर निस्तारित करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरी, एस0पी0 यमुनापार, एस0डी0एम0 बारा सहित तमाम अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### बारा सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल आई 245 शिकायतें, जिसमें 20 का निस्तारण

# लोगों का जीवन स्तर सुधारने का काम कर रही सरकार : अनामिका चौधरी

## बभनमई में आयोजित हुआ प्रबुद्ध सम्मेलन




**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रानीगंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बभनमई स्थित पैलेस में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश की प्रदेश मंत्री अनामिका चौधरी ने कहा कि हम सब बहुत भाग्यशाली है कि आज देश एवं प्रदेश में एक मजबूत इच्छाशक्ति वाले मोदी व योगी जैसा दूरदर्शी नेतृत्व प्राप्त है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास एवं घर घर शौंचालय निर्माण कराकर लोगो का जीवन स्तर सुधारने का कार्य किया गया। किसानों को सम्मान निधि एवं उनकी फसलों को फसल बीमा योजना के अंतर्गत सुरक्षित किया। विधायक रानीगंज अभय कुमार उर्फ धीरज ओझा ने सम्मेलन में उपस्थित दर्जनों वरिष्ठ प्रबुद्ध जनों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित करने के साथ कहा कि सम्पूर्ण प्रदेश जहां विपक्षी दलों द्वारा जातीय सम्मेलन कर जाति-पाति में बांटने का काम कर रहे है वही भारतीय जनता पार्टी द्वारा सबका साथ सबका सम्मान के भाव से प्रत्येक विधानसभा में प्रबुद्ध सम्मेलन आयोजित कर प्रदेश सरकार का चार वर्ष का लेखा जोखा प्रस्तुत किया जा रहा है। जिला महामंत्री आशीष श्रीवास्तव ने सम्मेलन में आये हुए प्रबुद्ध जनों का अभिनंदन करते हुए सबका आभार प्रदर्शन व्यक्त किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष अशोक सरोज, जिला संयोजक प्रबुद्ध सम्मेलन डॉ अनूप सिंह, विधानसभा प्रभारी सतीश द्विवेदी, प्रमुख शिवगढ़ सत्यम ओझा, जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा राकेश सरोज, विधानसभा संयोजक संदीप तिवारी, मण्डल अध्यक्ष कृपा शंकर गिरि, प्रशांत, बृजेश कुमार पटेल, विजय कौशल आदि लोग मौजूद रहे।

## मोहर्रम कमेटी की बैठक में चहेल्लुम मनाने पर हुई चर्चा

**प्रतापगढ़।** मोहर्रम कमेटी की बैठक कमेटी के अध्यक्ष हैदर अली के निवास पर हुई। बैठक में मोहर्रम का चहेल्लुम मनाने की तैयारी को लेकर चर्चा हुई जिसमें तय किया गया कि चांद होने पर चांद की 19वीं व 20वीं को चहेल्लुम मनाया जायेगा जो 27 व 28 सितम्बर को होगा। अंजुमन के प्रबंधक इरशाद सिद्दीकी ने बताया कि करबला में शहादत 72 शहीदानों की यादगार में चहेल्लुम मनाया जायेगा जिसमें शहर के सभी ताजियादारों और इमामबाड़ों से कोविड-19 को देखते हुए मनाने को कहा गया है। बैठक में फरीद आलम, मेराज खान, रेहान खान, लल्लन शेख, अबुल हसन, निसार अहमद, शौकत अली, अशरफ अली, नियाज, सैफ, बरकत अली, सलमान आदि लोग मौजूद रहे।

# मीरा भवन से डाक बंगले तक चला अतिक्रमणविरोधी अभियान

## नाले-नालियों पर बने स्थायी अतिक्रमण को तोड़ा गया, हड़कंप

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लोक निर्माण विभाग के डाक बंगले व आसपास जलभराव से पनपे आक्रोश को देखते हुए नगर पालिका ने शनिवार को नगर पालिका के अधिशाषी अधिकार मुदित सिंह के निर्देशन में डाक बंगले से लेकर मीरा भवन तक अतिक्रमणविरोधी अभियान चलाया। इस मार्ग पर नाले-ननालियों पर बने स्थायी अतिक्रमण को जेसीबी लगाकर तोड़ा गया तब पता चला कि नाला ढका रहने से नाले-नालियां जाम हो गई थी जिससे पानी का बहाव नहीं हो पा रहा था।

बता दें कि इस क्षेत्र में प्रायः सभी घरों व दुकानों के सामने नाले पर स्लैब डाला गया था। नगर पालिका ने जेसीबी व नाला क्लीनिंग मशीन लगाकर डाक बंगले से मीरा भवन तक तोड़-फोड़ किया। इससे लोगों में हड़कंप मचा रहा। इस बारे में नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार को नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह ने मीरा भवन क्षेत्र के जलभराव क्षेत्र का जायजा लिया था और इस क्षेत्र में जलभराव के कारणों का पता लगाने का निर्देश दिया था। आज पूर्वान्ह से ही नाला गैंग के सफाई कर्मचारी जेसीबी व नाला क्लीनिंग मशीन लेकर मीरा भवन पहुंच गये थे। सफाई निरीक्षक ने आगे बताया कि जब नाले-नालियों को तोड़ा गया तो नाले-नालियां जाम थी। शनिवार को केवल तोड-फोड़ हुई है। सोमवार को नाले-नालियों की विधिवत सफाई की जाएगी जिससे सड़क का पानी नाले से बह जाए, तब डाक बंगले व आसपास जलभराव की समस्या नहीं आएगी। इस अवसर पर सफाई प्रभारी प्रशांत सिंह, आरआई लाल बहादुर सिंह सहित नगर पालिका के अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।



## समारोहपूर्वक मनाई गई महामना पं. भगवानदीन दुबे की जयंती, शिक्षक विधायक ने दी सौगात

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** पहाड़पुर स्थित बीडी दुबे इण्टर कालेज मे शनिवार को विद्यालय के संस्थापक एवं समाजसेवी पं. भगवानदीन दुबे की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गयी। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी तथा डा. सौरभ मिश्र व नवीन दुबे ने पं. भगवानदीन दुबे की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

लालगंज नगर पंचायत चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी तथा मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने मुख्यअतिथि उमेश द्विवेदी के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर जयंती समारोह का शुभारंभ किया। विद्यालय की छात्रा आंचल, कंचन, प्रियंका, रूबी, खुशी सिंह, आरती शुक्ल व जूली तिवारी ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गान तथा संस्था विकास गीत की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम मे मौजूद अभिभावको व अतिथियो को मंत्रमुग्ध कर दिया। बतौर मुख्यअतिथि शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने कहा कि स्वर्गीय पं. भगवानदीन दुबे ने समाज को साक्षर बनाने के लिए आजादी के दौर मे विद्यालय की स्थापना तथा अपने निजी खर्च से सड़क एवं चिकित्सालय व डाक घर का निर्माण कराकर विकास की मजबूत आधारशिला रखी। उन्होनें कहा कि शिक्षा की मजबूती तथा देश को साक्षर पीढ़ी सौंपकर ही हम राष्ट्रीय एवं सामाजिक विकास के लक्ष्य को हासिल कर सकते है। शिक्षक विधायक ने संस्थापक की स्मृति मे विद्यालय के प्रवेश द्वार से स्मृति स्थल तक इण्टरलाकिंग मार्ग के निर्माण कराए जाने की घोषणा भी की। विशिष्ट वक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने भारतीय मेधावियों के हर क्षेत्र मे सफलता का खाका खींचा। प्रधानाचार्य अखिलेश पाण्डेय ने विद्यालय की शैक्षिक प्रगति आख्या प्रस्तुत करते हुए अतिथियो का स्वागत किया।

## शिक्षक दम्पत्ति से दुर्व्यवहार करने वाले आरोपियों ने सार्वजनिक रुप से मांगी माफी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समीप शिक्षिका से छिनैती करने वाले चारों हमलावरों ने शनिवार को एसपी कार्यालय के सामने घटना स्थल पर ही पैर पकड़कर सार्वजनिक रूप से शिक्षक दंपति से क्षमा याचना की। बता दें कि 4 सितंबर को दोपहर करीब सवार एक बजे चार लोगों ने कार से घर जा रहे एमडी पीजी कॉलेज के वाणिज्य संकाय के अध्यक्ष डॉ छवि नारायण पांडे एवं साथ में बैठीं उनकी शिक्षिका पत्नी प्राची पांडे की कार रोकी और उन पर हमला कर आभूषण छीन लिए थे। मामले में चार अज्ञात लोगों के खिलाफ लूट का मुकदमा नगर कोतवाली में दर्ज हुआ है। कुछ दिनों बाद चारों आरोपियों की शिनाख्त कर ली गई और जिसकी जानकारी पुलिस को भी दी गई। पुलिस के लगातार दबिश देने के कारण चारों हमलावरों ने शिक्षक दंपति से माफी मांग लेना ही बेहतर समझा। डॉ सी एन पांडे ने बताया कि चारों हमलावरों अंकित दुबे, प्रमोद शुक्ला, विनोद मिश्रा एवं शरद तिवारी ने वरिष्ठ अधिवक्ता कमलाकांत मिश्रा, संतोष तिवारी, अयोध्या प्रसाद मिश्र, संतोष मिश्र आदि के समक्ष घटनास्थल पर जाकर पैर पकड़ कर माफी मांगी। चारों हमलावर पेशे से अधिवक्ता हैं।

## युवक पर बदमाशों ने किया हमला

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अंतू थाना क्षेत्र के गुरुकुल इंटर कालेज के पास एक बाइक से आए तीन नकाबपोश बदमाशों ने दिनदहाड़े रामकिशोर विश्वकर्मा के ऊपर हमला कर दिया जिससे वह बाल-बाल बच गये। हो-हल्ला होने पर ग्रामीण दौड़कर पहुंचे तो बदमाश बाइक छोड़कर भाग निकले। पुलिस को सूचना दी गई तो पुलिस मामले की छाबनीन कर रही है। उधर पीड़ित ने तहसील दिवस में अपर पुलिस अधीक्षक को प्रर्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## नहर में अधेड़ का शव मिलने से मचा हड़कम्प

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** हथिगवां थाना क्षेत्र के अंतर्गत सोनियावा गांव (मोरई का पुरवा) छोटी नहर मे शनिवार को शव मिलने पर हड़कम्प मच गया सूचना मिलते ही हथिगवां थानाध्यक्ष डी एन यादव हल्का इंचार्ज एस के मिश्रा दलबल के साथ मौके पर पहुचे थानाध्यक्ष डी एन यादव ने बताया की शनिवार की सुबह थानाक्षेत्र के अंतर्गत मेहदिहसन डिग्री कॉलेज के निकट छोटी नहर में अधेड़ का शव मिला, जिसकी शिनाख्त अभी तक नही हो सकी जिसकी लिखा पढ़ी करके शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

## बरसात में जमींदोज मकान से लोग हुए बेघर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** तेज बारिश के कारण पट्टी आसपुर देवसरा क्षेत्र के कई घर जमींदोज हो गए जिससे लोगों के राशन तथा अन्य कीमती सामान उसमें दब कर नष्ट हो गए लोग अपने घर से बेघर हो गए बीती रात तीबिपुर निवासी साबिद अली का कच्चा मकान भरभरा कर गिर गया मलवे में ग्रस्थी का समान दब कर नष्ट हो गया तिबिपुर पुर निवासी राम तवंकल पाल लाल जी गुप्ता लल्लू गुप्ता चंद्र कात गुप्ता का कच्चा मकान गिर गया धने पुर निवासी भोला राम यादव अपने घर में अपने परिवार के साथ अपने मकान में सो रहा था की रात में अचानक मकान गिरने लगा गनीमत रही की परिवार के लोगों नीद से जाग गए परिवार के लोग किसी तरह घर से बाहर निकाल कर जान बचाई पीड़ित परिवार घर गिरने से खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं।

## बच्चा बैंक का मेगा टीकाकरण कैम्प 20 को

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कोरोना टीकाकरण अभियान में स्वास्थ्य विभाग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनके कैम्पों में जी जान से अपना योगदान रहे रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेन्ट्रल और बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के सहयोग से 20 सितंबर को टीकाकरण कैम्प का आयोजन किया गया है। शनिवार को हुई सहयोगियों की एक बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में बीबीएफजी के सहयोगी डॉक्टर अनुराग मिश्रा ने बताया कि रेलवे स्टेशन रोड स्थित ओल्ड रीवर डेल पब्लिक स्कूल के परिसर में 20 सितंबर सोमवार को कैम्प लगेगा। जिसमें लोगों को कोविशिल्ड लगेगी।

# हाफ मैराथन में बालक वर्ग में शाहरुख व महिला वर्ग में अवंतिका गुप्ता रहीं अव्वल

## पीबीपीजी कालेज में फिट इण्डिया फ्रीडम रन हॉफ मैराथन का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में अमृत महोत्सव और मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत राजेन्द्र सिंह रज्जू भय्या राज्य विश्वविद्यालय प्रयागराज के तत्वावधान में फिट इण्डिया फ्रीडम रन हॉफ मैराथन का आयोजन शनिवार को किया गया।

हॉफ मैराथन पीबीपीजी कालेज सिटी से प्रारम्भ होकर मीराभवन गयी, जिसमें महिला वर्ग के लिए 6 किलोमीटर व पुरुष वर्ग के लिए 12 किलोमीटर की दूरी निर्धारित की गई थी। बतौर मुख्य अतिथि एसपी सतपाल अंतिल, विशिष्ट अतिथि प्रबन्धक राजा अनिल प्रताप सिंह सुबह 10 बजे हरी झंडी दिखाकर आयोजन का शुभारम्भ किया। एनसीसी कैडेट्स ने अतिथियों को गॉड ऑफ ऑनर दिया। महिला और पुरुष दोनों वर्ग के लोग प्रतिभाग किया। महिला वर्ग में पीबी इण्टर कालेज की अवंतिका गुप्ता व बालक वर्ग में स्पोर्ट्स स्टेडियम के शाहरुख खान अव्वल रहे। प्रथम 10 महिला और पुरुष प्रतिभागियों को पुरस्कृत करने के साथ राज्य स्तरीय प्रमाण पत्र भी दिया गया। दौड़ पूरी करने पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र दिया गया। प्रबन्धक राजा अनिल प्रताप सिंह ने पुरस्कार वितरित किया। प्राचार्य डा. बृजभानु सिंह एवं विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डा. उपेन्द्र कुमार सिंह ने अतिथियों और सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार जताया। समापन समारोह का संचालन डा. शिव प्रताप सिंह ने किया। पुरुष वर्ग में 484 व महिला वर्ग में 181 प्रतिभागी रहे। महिला वर्ग प्रथम-10 में पीबी इंटर कालेज की अवंतिका, मीना यादव, शिवानी पटेल, विनीता सिंह, पूनम रजक, शिखा यादव, सोनिया सिंह पीबीपीजी कालेज, अल्का सरोज, विभा सिंह पूर्व छात्रा पीबीपीजी व सुनीता गौतम हेमवती नन्दन बहुगुणा पीजी कालेज लालगंज रहीं। पुरुष वर्ग प्रथम-10 में शाहरुख खान स्पोर्ट्स स्टेडियम, अंकित यादव आईटीआई, निर्मोद सरोज एसडी इण्टर कालेज मान्धाता, सुभाष कुमार वर्मा राजकीय पीजी कालेज सांगीपुर, अमजद खान एसके जीआईसी रानीगंज, निखिल सिंह संगम इण्टर नेशनल स्कूल, रवि कुमार बीबीएस कालेज बरना, सन्दीप माली राज नारायण इण्टर कालेज भदोही, शैलेन्द्र विश्वकर्मा स्पोर्ट्स स्टेडियम व दिशांत मिश्र पीबीपीजी कालेज रहे। उधर मैराथन दौड़ में 18यूपी बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में कर्नल एल श्रीनिवासन, कमांडिंग आफिसर के निर्देशन में तिलक इंटर कालेज, कालूराम इंटर कालेज, स्वामी करपात्री इंटर कालेज समेत लगभग 500 कैडेटों ने भी प्रतिभाग किया।



# तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी की मोटर साइकिल बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के रामपुर गौरी मोड़ के पास से एक सुपर स्प्लेण्डर मोटर साइकिल पर सवार एक व्यक्ति हेमराज उर्फ हनुमान तिवारी पुत्र मकदूम तिवारी नि0 भवानीपुर थाना कोतवाली नगर को रोका गया। इस पर पुलिस टीम को देखकर उस व्यक्ति ने भागने का प्रयास किया जिसे पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग कर पकड़ लिया गया। जांच/चेकिंग के दौरान ज्ञात हुआ कि उक्त मो0 साइकिल चोरी की है। इस संबंध में थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक अदद तमंचा व एक जिन्दा कारतूस 12 बोर, बरामद किया गया, इस संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 756/2021 3/25 आर्म्स एक्ट, का अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि मैंने उक्त मोटर साइकिल भौरहन का पुरवा थाना महेशगंज से जून महीने में चुराई थी। यह तमंचा चोरी करते समय सुरक्षा के लिये रखता हूं। आज मै इस मोटर साइकिल को प्रतापगढ़ में बेचने के लिये जा रहा था, कि आप लोगों ने हमें पकड़ लिया। पुलिस टीम में उ0नि0 घनश्याम सिंह, का0 विनय यादव, का0 प्रशान्त कुमार, का0 विजय चौहान, का0 नरेश कुमार थाना कोतवाली नगर शामिल रहे।

## वांछित अभियुक्त को पुलिस ने दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु निरंतर दिये जा रहे निर्देश के क्रम में थाना मांधाता पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के गजेड़ी पुलिया के पास पैशन प्रो मोटर साइकिल पर सवार एक व्यक्ति को रोकने का प्रयास किया गया तो पुलिस टीम को देखकर उस व्यक्ति ने भागने का प्रयास किया, जिसे पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग कर पकड़ लिया गया। जांच/पूछताछ के दौरान उक्त व्यक्ति ने अपना नाम मो0 इसरार पुत्र मो0 इसराइल निवासी बहुआ थाना जेठवारा बताया व कड़ाई से पूछताछ करने पर/भागने का कारण पूछने पर बताया कि मेरे पास जो मोटर साइकिल है ये चोरी की है, मेरे पास मोटर साइकिल नहीं थी इसीलिए मैंने ये मोटर साइकिल कुछ दिन पहले प्रयागराज से चुराई थी व पकड़ा न जाऊं इसलिए इसकी नम्बर प्लेट बदल दी थी। इस संबंध में थाना मांधाता पर अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम में उ0नि0 राजेश कुमार, उ0नि0 राजेश चौरसिया, उ0नि0 वरूण कुमार सिंह, का0 सत्यम सिंह थाना मांधाता शामिल रहे।

## युवक की हत्या के मामले में तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के मददुपुर निवासी गनेशी लाल पुत्र महादेव यादव के लड़के राकेश कुमार यादव (33) वर्षीय की हत्या के मामले में मृतक के पिता गनेशी लाल यादव की तहरीर पर थाना प्रभारी रुकुमपाल सिंह ने पांच हत्यारोपी अशोक कुमार यादव रेवली, शैलेश कुमार यादव, मलखान यादव थाना क्षेत्र बक्साबाग (आलापुर), अर्जुन यादव रामपुर गड़ौली व पप्पन पंडित रामपुर गड़ौली मानिकपुर थाना निवासी के खिलाफ हत्या के मामले में मुकदमा दर्ज किया था। आरोप है कि 15 सितम्बर की रात लगभग 10 बजे अभियुक्तगण एक राय होकर मेरे लड़के राकेश कुमार को गाली गलौज करते हुए मारापीटा और जान से मारकर हत्या कर शव को पेड़ से लटका दिया था, जिसमे मुखबिर की सूचना पर शनिवार की सुबह लगभग साढ़े नौ बजे नवाबगज प्रभारी रुकुमपाल सिंह ने अपने हम राही के साथ थाना क्षेत्र रेवली मोड़ के मानिकपुर नवाबगज बार्डर सीमा पर नामजद अभियुक्त अशोक कुमार यादव रेवली निवासी अर्जुन यादव, रामपुर गड़ौली, मुकेश यादव रामपुर गड़ौली को गिरफ्तार किया है।

## दिनदहाड़े विद्यालय परिसर मे शिक्षिका के साथ छिनैती, हडकंप

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बदमाशों ने दिनदहाडे दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देते हुए विद्यालय परिसर से शिक्षिका की सोने की चेन छीनकर सनसनीखेज वारदात अंजाम दी। नेशनल हाइवे लखनऊ वाराणसी पर स्थित राम अंजोर मिश्र इंटर कालेज में अंकिता पांडेय अर्थशास्त्र विषयक की प्रवक्ता है। शनिवार को दोपहर करीब एक बजे अंकिता विद्यालय पहुंची। इसी बीच अचानक विद्यालय परिसर में पीछे से आए दो बदमाशों ने शिक्षिका के गले की चेन छीनकर भाग निकले। शिक्षिका के साथ चेन छिनैती की घटना से विद्यालय परिसर मे अफरातफरी मच गयी। घटना की सूचना मिलते ही सीओ जगमोहन तथा कोतवाल कमलेश पाल भारी फोर्स के साथ विद्यालय पहुंचे। पुलिस घटना की छानबीन में जुटी बताई जाती है।



# जेल से छूटे सपा नेता, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

## जुल्म के खिलाफ जारी रहेगा संघर्षः विजय यादव

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** 10 जुलाई को आसपुर देवसरा ब्लाक प्रमुख चुनाव में बवाल होने के बाद पुलिस ने 161 नामजद तथा ढाई सौ लोगों के नाम अज्ञात में दर्ज किए थे जिसमें मुख्य आरोपी समाजवादी पार्टी के निवर्तमान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व आसपुर देवसरा तृतीय से जिला पंचायत सदस्य विजय यादव को मुख्य आरोपी बनाया था।

बीते 28 अगस्त को विजय यादव जिला योजना समिति के सदस्य के चुनाव के लिए नामांकन करने के लिए पंचायत कार्यालय पहुंचे तो पट्टी कोतवाल गणेश प्रसाद ने फोर्स के साथ उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। 3 दिन पहले उनकी जमानत याचिका मंजूर हुई तो शुक्रवार की शाम को जिला जेल से रिहा होने के बाद गेट पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं का हुजूम दिखाई दिया। कार्यकर्ताओं के साथ सबसे पहले प्रतापगढ़ स्थित अंबेडकर चौराहा पर अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया उसके बाद लोहिया चौराहा पहुंचे वहां प्रतिमा पर माल्यार्पण किया चिलबिला बाजार में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। पट्टी नगर में उनके पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनके स्वागत में उन्हें कंधे पर बिठा लिया और फूल मालाओं से लाद दिया। इस अवसर पर विजय यादव ने कहा कि जुल्म और ज्यादती के विरुद्ध वह हमेशा संघर्ष करते रहेंगे सरकार चाहे जितनी बार उन्हें जेल भेजे, पार्टी की मजबूती के लिए हमेशा डटे रहेंगे सरकार उन्हें बेवजह डराने की कोशिश कर रही है लेकिन वह डरने वालों में नहीं है। इस अवसर पर राजेश यादव प्रधान पप्पू यादव, जुबैद अहमद, मनोज यादव, हरिश यादव, रमेश जायसवाल, राजेश यादव, सिद्धार्थ, राजा अरविंद यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर डीएम ने तहसील में सुनी जनसमस्यायें

## अनुपस्थित अधिकारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के उन्होंने दिए निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक राधेश्याम विश्वकर्मा ने शनिवार को तहसील सिराथू में जनसमस्यायें सुनी। उन्होंने शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न किये जाने एवं अधिकतर शिकायतों के निस्तारण में असन्तुष्ट फीडबैक प्राप्त होने पर कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एंव समयबद्ध किया जाय तथा शिकायतकर्ताओ से फोन/मौके पर जाकर शिकायत निस्तारण की स्थिति का फीडबैक प्राप्त किया जाय। उन्होने कहा कि लापरवाही पाये जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी



कार्यवाही की जायेगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस में सहायक निबन्धक सहकारी समिति, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण, अधिशासी अभियंता नलकूप एवं उपायुक्त उद्योग के अनुपस्थित रहने पर उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिये।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 134 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमे से 07 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिये जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा है कि आज ही अपने विभागों से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्रों को प्राप्त करते हुए उनकों निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शशिकांन्त त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# महिलाओं को कोरोना योद्धा से भाजपा ने किया सम्मानित

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर महिला मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अंग वस्त्र देकर महिलाओं को विधायक ने किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर को भाजपा कार्यालय मंझनपुर में महिला मोर्चा द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए उनके लंबी आयु की कामना की गई है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री रुचि गर्ग ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में महिलाओं का सम्मान सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों में महिलाएं असुरक्षित थी आए दिन उनके साथ आपराधिक घटनाएं होती थी। इस कार्यक्रम में 71 महिलाओं को कोरोना योद्धा सम्मान से भाजपा द्वारा सम्मानित किया गया है।

कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं को अंग वस्त्र देकर विधायकों ने सम्मानित किया है। इस मौके पर मंझनपुर विधायक लाल बहादुर, सिराथू विधायक, शीतला प्रसाद पटेल और चायल विधायक संजय गुप्ता संजय जयसवाल सूरज यादव काशी क्षेत्र महिला मोर्चा की प्रभारी गीता विश्वकर्मा जिला अध्यक्ष भाजपा अनीता त्रिपाठी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष संगीता सरोज महिला मोर्चा जिला महामंत्री कविता केसरवानी सुषमा देवी सुनीता देवी प्रतिभा कुशवाहा बेबी सेठी सोनिया राजपूत सहित सैकड़ों महिलाओं ने कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त किए हैं।

# आवारा सांड के हमले से बुजुर्ग महिला की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**अझुवा,कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के चक बख्तियारा परसीपुर निवासी महिला कलावती उम्र लगभग 70 वर्ष पत्नी बच्चुराम घर के बाहर बैठी थी दो आवारा छुट्टे सांड आपस मे लड़ रहे थे अचानक साड़ ने महिला के ऊपर हमला कर दिया जिनके हमले से पास बैठी महिला गम्भीर रूप से घायल हो गयी कुछ देर में ही बुजुर्ग महिला की मौत हो गयी है महिला की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।



बुजुर्ग महिला के पुत्र की सूचना पर सैनी कोतवाली के उपनिरीक्षक अजहर जमाल मय हमराहियों मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है वहीं ग्रामीणों में आवारा सांडों के आतंक से जिम्मेदारों के प्रति गहरा आक्रोश पनप रहा है

# हर बूथ पर यूथ का ऐलान की बैठक हुई संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** हर बूथ पर यूथ का ऐलान जन मन विजय अभियान की बैठक सराय अकिल कस्बे में संपन्न हुई बैठक में वक्ताओं ने भाजपा सरकार पर जमकर प्रहार किया है राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा दिए गए निर्देश में मुख्य अतिथि संदीप यादव प्रदेश उपाध्यक्ष समाजवादी युवजन सभा जिला अध्यक्ष चंद्रजीत यादव आदि ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर प्रहार किया है मंच का संचालन विकास यादव जिला उपाध्यक्ष ने किया मुख्य अतिथि संदीप यादव ने मौजूदा सरकार को धोखेबाज सरकार बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश का संपूर्ण विकास समाजवादी पार्टी की सरकार ही कर सकती है उन्होंने समाजवादी पार्टी के कार्यकाल का गुणगान करते हुए आने वाले विधानसभा चुनाव में सपा



को फिर सरकार बनाने में मतदान की अपील की है अर्जुन वाटिका आदर्श इंटर कॉलेज के सामने सराय अकिल में बैठक संपन्न हुई कार्यक्रम का आयोजन श्रीमती किरन दिवाकर ब्लाक अध्यक्ष नेवादा द्वारा किया गया।कार्यक्रम में जिला महासचिव मोहम्मद साकिब शेख जगजीत सिंह जिला सचिव, अमन यादव जिला सचिव, अमित सिंह पटेल जिला सचिव, राम मोहन विधानसभा अध्यक्ष, विशाल भारती, मनीष यादव, रामयश यादव, रिंकू यादव, आत्माराम यादव, अमरीश दिवाकर जिला सचिव, जे के यादव जिला उपाध्यक्ष, सौरभ भारती जिला सचिव, कुशल सिंह पटेल, शैलेंद्र यादव प्रधान जी, राकेश सिंह पटेल, दिनेश सरोज जिला सचिव, कमरान अहमद, संतोष कुमार दिवाकर, मोहम्मद इकलाक, राजकरन, राहुल साहू, पंकज सिंह यादव, प्रदीप कुमार यादव, मोहम्मद सलमान नगर अध्यक्ष, हिमांशु कश्यप, सलमान नगर सचिव, पिंकी दिवाकर, सोनू यादव विधानसभा अध्यक्ष सिराथू, नवनीत सिंह नगर अध्यक्ष, साबिर हुसैन, सत्यम मिश्रा सपा कार्यकर्ता, रोहित यादव सपा कार्यकर्ता,तेज बहादुर सिंह, हिमांशु चौधरी, पंकज कुमार, अरविंद कुमार आदि तमाम सारे कार्यकर्ता व पदाधिकारी गण मौजूद रहे

# गुजरात कमाने गए कौशाम्बी के युवक की मौत

## छिन गया पत्नी और बेटी का सहारा, घर में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के एक गांव का युवक लगभग एक महीने पूर्व गुजरात रोजी रोटी के सिलसिले में कमाने के लिए गया था जहां पर उसकी मौत हो गई है।

जानकारी के अनुसार करारी थाना क्षेत्र के महेन्द्र गांव का अमर सिंह पुत्र मनराखन रोजी रोटी के सिलसिले में गुजरात कमाने के लिए गया था परिजनों के अनुसार वहां एक फैक्ट्री में वह काम कर रहा था जहां पर वह तीसरी मंजिल में कुछ काम के सिलसिले में चढ़ा था कि वहां से पैर फिसल जाने पर नीचे जमीन पर गिर गया आनन फानन में उसे अस्पताल ले जा रहे



थे उसने रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

मृतक अमर सिंह चार भाई थे जिसमें वह सभी भाइयों में से छोटा था उसकी शादी लगभग छह वर्ष पूर्व भेलखा में हुई थी। उसकी एक बेटी शोभा देवी जो दो वर्ष की है , उसकी पत्नी और बेटी जिनका सहारा छिन गया है।उसकी पत्नी और परिवार वालों का रो - रोकर बुरा हाल है। मृतक अमर सिंह की मौत की खबर सुनकर पूरा गांव गमगीन हो गया है। उसके पूरे परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है।

# डीएम एसपी ने परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक राधेश्याम विश्वकर्मा ने शनिवार को जनपद में अंक सुधार हेतु आयोजित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं को सुगमतापूर्वक एंव नकलविहीन सम्पादित कराये जाने हेतु परीक्षा केन्द्र दुर्गा देवी इंटर कालेज, ओसा का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्री शशिकांत त्रिपाठी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# क्विज प्रतियोगिता में मंझनपुर ब्लॉक पूरे सूबे में अव्वल

## मंझनपुर ब्लॉक के परिषदीय विद्यालयों के छात्रों ने प्रदेश में सबसे अधिक क्विज करके रचा इतिहास

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** कोरोना महामारी के दौरान बेसिक शिक्षा विभाग मिशन प्रेरणा योजना के अन्तर्गत ई पाठशाला का संचालन कर रहा है । विद्यालय के व्हाट्सअप ग्रुप में अभिभावकों व बच्चों को जोड़कर प्रतिदिन पढ़ाई के लिए विविध प्रकार की शैक्षणिक सामग्री भेजी जा रही है जिसमे विषयवार शैक्षणिक सामग्री के लिंक, आओ अंग्रेजी सीखे, दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रम की समय तालिका आदि की जानकारी साझा की जाती है। बच्चे इन्ही शैक्षणिक सामग्री से घर पर रहते हुए भी पढ़ाई करते



हैं।इसी क्रम में विभाग ऑनलाइन साप्ताहिक क्विज का आयोजन भी करता है जिसका लिंक प्रत्येक शनिवार को प्रेषित किया जाता है। यह क्विज़ शनिवार से शुक्रवार तक चलता है जिसमे कक्षा 1 से 8 तक के बच्चे प्रतिभाग करते हैं। विभाग प्रत्येक शुक्रवार को पूरे प्रदेश में प्रतिभाग किये बच्चो की संख्या जनपद व विकास खण्ड वार जारी करता है व बच्चों की प्रतिभागिता के आधार पर जनपद व ब्लॉक की रैंकिंग भी जारी करता है। इस सप्ताह जारी हुए आंकड़ो में प्राथमिक स्तर में पर कौशाम्बी जनपद का मंझनपुर ब्लॉक प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा । मंझनपुर ब्लॉक से सर्वाधिक 9232 बच्चो ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागिता की दृष्टि से यह अब तक की सबसे ज्यादा सँख्या है।श्रावस्ती जनपद का हरिहरपुर रानी विकास खण्ड 9095 बच्चो को प्रतिभाग कराकर दूसरा स्थान एवम 7979 की प्रतिभागिता के साथ वाराणसी जनपद का आराजी लाइन्स विकास खण्ड तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार उच्च प्राथमिक स्तर पर मंझनपुर ब्लॉक प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया । 4640 बच्चो को क्विज में प्रतिभाग कराकर फर्रुखाबाद का राजेपुर ब्लॉक प्रथम ,3881 बच्चो की प्रतिभागिता के साथ मंझनपुर द्वितीय व 3834 प्रतिभागिता के साथ कानपुर नगर का बिंधनू ब्लॉक तृतीय स्थान पर रहा। मंझनपुर ब्लॉक के बेहतर परिणाम के कारण जनपद कौशाम्बी प्रदेश में प्राथमिक स्तर व उच्च प्राथमिक स्तर पर क्रमशः 12वे व 9 वे स्थान पर पहुँच गया। यह जनपद की अब तक की सर्वोच्च रैंक है।मंझनपुर ब्लॉक की उपलब्धि पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रकाश सिंह ने मंझनपुर के समस्त शिक्षकों को बधाई दी है

# सपा कर रही है सविता, सेन, शर्मा, नाई सलमानी समाज को राजनीति में लाने का काम




**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में सविता सेन शर्मा, नाई, सलमानी समाज के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित किया गया, सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री संजय विद्यार्थी सविता उपस्थित रहे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने सम्मेलन में बोलते हुए कहा कि हमारे सविता, सेन, शर्मा, नाई और सलमानी समाज के लोगो को राजनीति की मुख्य धारा में लाने का कार्य और आगे बढ़ाने का काम सिर्फ और सिर्फ सपा और अखिलेश यादव ने किया है, सविता ने समाज के लोगो को आहवान करते हुए कहा कि सपा की पुनः 2022 में सरकार बनने के बाद आपकी संख्या के हिसाब से आपको भागीदारी मिलेगी।

सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष दयाशंकर यादव ने आए हुए कार्यकर्त्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए सपा की पुनः सरकार बनवाने की अपील की।कार्यक्रम का संचालन रईस अहमद ने किया

इस कार्यक्रम में प्रमुख वकताओं में धीरेन्द्र कुमार सेन, वेद्रपाल, शाहनवाज अहमद, प्रदीप चौधरी, इमरान अहमद, दुर्गेश कुमार सेन, रज्जन सेन, पिंटू सेन, इन्द्रेश पादव, एजू पटेल, अमन शर्मा, उमाकान्त सेन, पन्ना लाल सेना उमेश चन्द्र सेन, सुरेन्द्र सेन, राजेश प्रसाद, मो0 अहमद, सैफ, नसीम अहमद, राजेन्द्र प्रसाद, डा0 वीरेन्द्र सिंह क्षेत्र आनन्द सिंह, आफताब एकेश, चन्द्ररोज्य सिंह आदि मौजूद रहे

# बिजली करेंट लगने से बालक की मौत

## बालक की मौत के बाद ग्रामीणों ने सड़क शव रख कर किया चक्का जाम मौके पर पहुंचे अधिकारी और विधायक दोषी विद्युत अधिकारियों पर नहीं हुई कार्रवाई

**अखंड भारत संदेश**

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के चतुरी पुर गांव में बिजली विभाग की लापरवाही से एक बालक काल के गाल में समा गया। बालक की मौत की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई है और ग्रामीणों ने व्यवस्था के प्रति आक्रोश व्यक्त किया है बालक की मौत के बाद भी दोषी विद्युत अधिकारियों पर आला अधिकारियों ने कार्यवाही नहीं किया है जिससे ग्रामीणों



में आक्रोश व्याप्त है। जानकारी के अनुसार सिराथू तहसील के चतुरीगांव निवासी नंदन 7 वर्ष पुत्र भगवान दीन अपने साथियों के साथ खेतो में मक्का तोड़ने गया था वापस आते समय नरेश के घर के पास लगे विद्युत खम्भे के बगल में फिसल कर वह गिर गया बगल में लगे खम्भे के स्टे वायर में उसका हाथ लग गया जिसमें विद्युत करेंट था करेंट की चपेट में आने से बालक की दर्दनाक मौत हो गयी सूचना पर पूरे गांव में हल्ला मचा गया आनन फानन बालक को एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसकी मौत होने की पुष्टि कर दी है घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है वहीं ग्रामीणों में विद्युत विभाग के प्रति जबरदस्त आक्रोश है1 !आक्रोशित ग्रामीणों ने बालक का शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया सूचना पर सिराथू विधायक शीतला प्रसाद पटेल पुलिस अधिकारियों विद्युत अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर परिजनों से शोक संवेदना प्रकट कर विद्युत विभाग से हुए हादसे के तहत 4 लाख मुआवजा दिलवाने का आश्वसन दिया है!विधायक ने कहा कि यह विद्युत विभाग की लापरवाही से घटना घटी है जितना सम्भव हो सकेगा पीड़ित परिजनों की मदद की जाएगी विद्युत विभाग की लापरवाही से बालक की मौत के बाद भी दोषी विद्युत अधिकारियों पर कार्यवाही नहीं हो सकी है।

# पीएम के जन्मदिन पर विधायक ने चढ़ाए 71 नारियल और प्रज्वलित किए दीप

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** मंझनपुर विधायक लाल बहादुर ने अढ़ौली गांव में शुक्रवार को पीएम के जन्मदिन पर आनंदी माता के मंदिर में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने गाय के घी से 71 दीप प्रज्वलित किया एवं इतने ही नारियल चढ़ाया और माता से पीएम के दीर्घायु होने की कामना की।विधायक लाल बहादुर ने आनंदी माता मंदिर पर विधि विधान से हवन पूजन किया और बाद में प्रसाद बंटवाया। विधायक ने कहा कि केंद्र में 2014 से मोदी नेतृत्व की सरकार बनी है।

## सम्पादकीय

# मंत्रिमंडल परिवर्तन

पीएम मोदी की लोकप्रियता को हर लहर और जाति-धर्म के कारकों से ऊपर मानने वाली बीजेपी इस बार जातिगत समीकरण को साधने पर खास ध्यान दे रही है। स्वतंत्र भारत में पूरी पार्टी को अपने इशारों पर चलाने के मामले में इंदिरा गांधी की ही मिसाल दी जाती रही है, लेकिन वह भी मुख्यमंत्री बदलने तक ही सीमित रही थीं। गुजरात में विधानसभा चुनावों से करीब साल भर पहले मंत्रिमंडल का पूरी तरह कायापलट करके बीजेपी ने एक बड़ा दांव खेला है। चुनावों से कुछ समय पहले किसी राज्य का मुख्यमंत्री बदलना कोई नई बात नहीं है। तमाम पार्टियां ऐसा करती रही हैं। जो बात गुजरात के इस प्रयोग को खास बनाती है, वह यह है कि मुख्यमंत्री के साथ-साथ उनके पूरे मंत्रिमंडल को भी बदल दिया गया है। विजय रूपाणी के इस्तीफे के बाद उनकी जगह पहली बार के विधायक भूपेंद्र पटेल को मुख्यमंत्री चुनकर ही बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व ने तगड़ा संदेश दे दिया था। उसके बाद जब नए मंत्रिमंडल का शपथग्रहण हुआ, तब तो सबने दांतों तले उंगली दबा ली। उसमें पुराने मंत्रिमंडल के किसी भी सदस्य को शामिल नहीं किया गया। प्रदेश राजनीति में अपना एक मुकाम बना चुके इन नेताओं की इस पूरी पांत के लिए इस फैसले को पचाना मुश्किल होगा। ये लोग अभी इस फैसले के खिलाफ कुछ नहीं बोल रहे हैं। लेकिन जिस तरह से मंत्रियों का शपथ ग्रहण टालना पड़ा, उससे ऐसा लगा कि उनके मन में इस फैसले को लेकर असंतोष है। संभव है कि उनके करीबी समर्थक और कार्यकर्ता भी इसे पसंद न करें। लेकिन सत्ता विरोधी भावनाओं से निपटने के लिए बड़ी संख्या में मौजूदा विधायकों का टिकट काटना इधर के वर्षों में बीजेपी की जानी-पहचानी नीति रही है।

गौर करने की बात है कि गुजरात में मामला सिर्फ विजय रूपाणी सरकार का नहीं है। 2022 के चुनावों में वहां बीजेपी को सत्ता में 27 साल पूरे हो चुके होंगे। इनमें से दो दशक से ज्यादा की अवधि में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से नरेंद्र मोदी और अमित शाह का नेतृत्व ही छाया रहा है। ऐसे में यह मानना स्वाभाविक है कि प्रदेश अध्यक्ष और मुख्यमंत्री पद चाहे किसी के भी पास हो, प्रदेश विधानसभा चुनावों में असली परीक्षा मोदी-शाह नेतृत्व की ही होगी। 2017 विधानसभा चुनाव की मुश्किल भरी जीत के बाद पार्टी इस बार कोई जोखिम मोल लेने की स्थिति में नहीं थी। संभवतः इसीलिए पीएम मोदी की लोकप्रियता को हर लहर और जाति-धर्म के कारकों से ऊपर मानने वाली बीजेपी इस बार जातिगत समीकरण को साधने पर खास ध्यान दे रही है। स्वतंत्र भारत में पूरी पार्टी को अपने इशारों पर चलाने के मामले में इंदिरा गांधी की ही मिसाल दी जाती रही है, लेकिन वह भी मुख्यमंत्री बदलने तक ही सीमित रही थीं। किसी प्रदेश के पूरे मंत्रिमंडल को एक साथ दफा करने का साहस उन्होंने भी कभी नहीं किया था। आज अगर बीजेपी का शीर्ष नेतृत्व ऐसा कर पाया है और हटाए जाने वाले नेताओं की ओर से इसका खुलकर विरोध नहीं हो रहा है तो इसका यह भी मतलब है कि पार्टी पर उसकी पकड़ कितनी मजबूत है। तो अब इंतजार कीजिए इस प्रयोग के नतीजों का।

# पर्यावरण बचाने की लड़ाई में अगुआ है भारत

**भूपेंद्र यादव**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते सात वर्षों के अपने कार्यकाल में भारत को आर्थिक विकास, गरीबी उन्मूलन और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप आगे बढ़ाया है। ऊर्जा क्षेत्र के नए विकल्पों की दिशा में भी भारत आगे बढ़ रहा है। ऊर्जा और पर्यावरण के क्षेत्र में भारत की भूमिका विश्व पटल पर महत्वपूर्ण हुई है। जलवायु परिवर्तन के सवाल पर गंभीरतापूर्वक काम कर रहे देशों ने भारत की भूमिका को स्वीकार किया है।

देखा जाए तो 2014 में सरकार बनने के बाद से ही प्रधानमंत्री मोदी ने स्वच्छ और हरित ऊर्जा की दिशा में भारत की राष्ट्रीय प्रतिबद्धता को नए ढंग से सुनिश्चित किया है। साथ ही, यह भी स्पष्ट किया है कि भारत जलवायु परिवर्तनों की चुनौती से निपटने के लिए हो रही वैश्विक पहलों को आगे बढ़ाने में भी अग्रणी है। उदाहरण के रूप में देखें तो इस वर्ष के आरंभ में ही प्रधानमंत्री मोदी को 'सेरावीक ग्लोबल एनर्जी एंड एन्वायरनमेंट लीडरशिप' सम्मान प्राप्त हुआ। इसके पहले 2018 में 'संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम' में प्रधानमंत्री मोदी को संयुक्त राष्ट्र का सर्वोच्च पर्यावरण सम्मान 'चैंपियंस ऑफ द अर्थ' प्रदान करते हुए पर्यावरण के क्षेत्र में उनके वैश्विक नेतृत्व को ही मान्यता दी गई। यह सम्मान प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में स्थापित अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन और भारत में सिंगल यूज प्लास्टिक को 2022 तक समाप्त करने के उनके संकल्प के प्रति एक वैश्विक स्वीकृति का ही द्योतक था। यह भारत के वर्तमान नेतृत्व की दुनिया में स्वीकार्यता का परिचायक है।

प्रकृति को लेकर प्रधानमंत्री मोदी की दृष्टि के तीन मूल तत्व हैं। पहला है आंतरिक चेतना। आंतरिक चेतना का अर्थ है स्व की पहचान करना यानी अपने गौरवशाली अतीत की पहचान करना। दूसरा स्तंभ है - जनजागरूकता। इस विषय में प्रधानमंत्री, देशवासियों से पर्यावरण संबंधी विषयों पर चर्चा, संवाद और विमर्श करने तथा लिखने के लिए आह्वान करते हैं। वह पर्यावरण से संबंधित विषयों पर अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहन देने को भी अत्यंत महत्वपूर्ण मानते हैं। पर्यावरण संबंधी विषयों पर नागरिकों की सक्रियता को प्रधानमंत्री मोदी तीसरा स्तंभ मानते हैं। उनका मत है कि पर्यावरण की बदहाली और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में लोगों की सक्रियता अत्यंत सकारात्मक भूमिका निभा सकती है।

गौर करें तो पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन के मोर्चे पर भारत ने घरेलू स्तर पर ऐसी मिसाल कायम की है, जिसका आज विश्व अनुकरण कर रहा है। भारत आर्थिक विकास के क्रम में ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में उत्तरोतर कमी लाने में कामयाब रहा है। भारत अपने 2005 में निर्धारित स्तर की तुलना में 2020 में जीडीपी की 'मिशन इंटेंसिटी' को 20 से 25 प्रतिशत तक करने की अपनी 2020 से पूर्व की प्रतिबद्धता को पार कर रहा है। इसके अतिरिक्त बीते सात वर्षों में भारत की स्थापित अक्षय ऊर्जा क्षमता में ढाई गुणा की वृद्धि हुई है, जिसके अंतर्गत सौर ऊर्जा क्षमता में 13 गुणा की वृद्धि दर्ज की गई है। केंद्र सरकार द्वारा 'राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन अनुकूलन कोष' के माध्यम से राज्यों और



संघ शासित प्रदेशों के पर्यावरण अनुकूलन कार्यों को सहयोग तथा समर्थन दिया जा रहा है।

इन सब उपलब्धियों के साथ आज भारत जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने के लिए पैरिस समझौते के तहत निर्धारित अपने लक्ष्यों (राष्ट्रीय योगदानों) को न केवल प्राप्त करने बल्कि उससे भी आगे बढ़ने की राह पर है। आज भारत जी-20 समूह का एकमात्र ऐसा देश है, जो अपनी जलवायु प्रतिबद्धताओं को पूरा करने की दिशा में सधे कदमों से आगे बढ़ रहा है। आपदा प्रबंधन अवसंरचना पर अंतरराष्ट्रीय गठबंधन यानी सीडीआरआई भी प्रधानमंत्री मोदी की पहल का ही परिणाम है। सीडीआरआई का उद्देश्य सतत विकास के समर्थन में जलवायु और आपदा संबंधी जोखिमों के लिए मौजूद बुनियादी ढांचा प्रणालियों के संबंध में है। 23 सितंबर, 2019 को 'यूएन क्लाइमेट एक्शन समिट' में अपने भाषण के दौरान प्रधानमंत्री मोदी द्वारा सीडीआरआई की शुरुआत की गई थी, जिसमें अब सदस्य के रूप में 25 देश और सात अंतरराष्ट्रीय संगठन शामिल हैं। भारत इलेक्ट्रिक वीइकल इनिशिएटिव (ईवीआई) का भी सदस्य है। यह विश्व की अनेक सरकारों का एक नीतिगत मंच है, जो कि विश्वभर में इलेक्ट्रिक वाहनों की शुरुआत करने और उनके उपयोग में तेजी लाने के लिए काम करता है। इन बहुपक्षीय और द्विपक्षीय समझौतों का लाभ यह हुआ है कि विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त रूप से अपेक्षाकृत सस्ती लागत से टिकाऊ प्रौद्योगिकियों का विकास किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत, विकासशील देशों की आवाज बनते हुए विश्व पटल पर इस बात को उठाने में कामयाब रहा है कि विकसित देश प्रदूषण के लिए ऐतिहासिक रूप से जिम्मेदार रहे हैं, अतः उन्हें जलवायु अनुकूलन के लिए वित्तीय और तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराना चाहिए। आगे ग्लासगो में संयुक्त राष्ट्र का 26वां जलवायु सम्मेलन (ण्ध्इ26) होना है, इससे पूर्व विश्व के नेताओं ने इस बात को स्वीकारते हुए भारत की सराहना की है कि जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के मामले भारत ने एक उदाहरण पेश करते हुए विश्व का नेतृत्व किया है। पैरिस जलवायु समझौते में निर्धारित सब-2 डिग्री सेल्सियस स्तर के लक्ष्य की अपनी प्रतिबद्धता से भी बेहतर प्रदर्शन करना दर्शाता है कि भारत जो कहता है, सो करता भी है।

आज पूरा विश्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ पर्यावरण को लेकर आगे की राह दिखाने और भावी पीढ़ियों के रहने योग्य एक हरीभरी तथा पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ दुनिया छोड़ने के प्रयासों को मजबूती देने के लिए देख रहा है। 2018 में वर्ल्ड इकॉनमिक फोरम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि एक ऐसी दुनिया में, जो दोषों और दरारों से भरी है, हमें एक साझा भविष्य के निर्माण की जरूरत है। हम कह सकते हैं कि अपने कार्यों और नीतिगत हस्तक्षेपों के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट रूप से दुनिया के लिए उस भविष्य के निर्माण का बीड़ा उठाया है।

# कश्मीर का सपना देखना छोड़ कर अपने लोगों की चिंता करे पाकिस्तान

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

यदि धारा 370 और 35ए के खात्मे के बाद कश्मीर में उथल-पुथल मचती तो पता नहीं कितने लोग मरते और कितने घर बर्बाद होते। इन बड़े कश्मीरी नेताओं की नजरबंदी के कारण उनकी जान तो बची ही, सैंकड़ों लोग हताहत होने से भी बच गए। पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र मानव अधिकार परिषद और 'इस्लामी सहयोग संगठन' (आईआईसी) में कश्मीर का मुद्दा फिर से उठा दिया है। पाक प्रवक्ता ने यह नहीं बताया कि कश्मीर में मानव अधिकारों का उल्लंघन कहाँ-कहाँ और कैसे-कैसे हो रहा है यदि वह अपनी बात प्रमाण सहित कहता तो न सिर्फ भारत सरकार उस पर ध्यान देने को मजबूर होती बल्कि भारत में ऐसे कई संगठन और श्रेष्ठ व्यक्ति हैं, जो मानव अधिकारों के हर उल्लंघन के खिलाफ निडरतापूर्वक मोर्चा लेने को तैयार हैं। इस समय कश्मीर के लगभग सभी नजरबंद नेताओं को मुक्त कर दिया गया है। यह ठीक है कि उन्हें कई महीनों तक नजरबंद रहना पड़ा है, जो कि अच्छी बात नहीं है लेकिन कोई बताए कि उन्हें सुरक्षित रखना भी जरूरी था या नहीं यदि धारा 370 और 35ए के खात्मे के बाद कश्मीर में उथल-पुथल मचती तो पता नहीं कितने लोग मरते और कितने घर बर्बाद होते। इन बड़े कश्मीरी नेताओं की नजरबंदी के कारण उनकी जान तो बची ही, सैंकड़ों लोग हताहत होने से भी बच गए। हमें यही सोचना चाहिए कि उनकी जान बड़ी है या उनकी जुबान बड़ी है इसके अलावा महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि पाकिस्तान अभी भी इस मरे चूहे को क्यों घसीटे चला जा रहा है उसे पता है कि वह हजार साल भी चिल्लाता रहे तो भी कश्मीर उसका हिस्सा नहीं बन सकता। कश्मीर-कश्मीर चिल्लाते-चिल्लाते उसने अपना कितना नुकसान कर लिया है। भारत के साथ उसने तीन बड़े युद्ध लड़े। उनमें वह हारा। उसने लगातार आतंकी भेजे। सारी दुनिया की बदनामी झेली। अपने आम आदमी की जिंदगी में सुधार करके वह भारत से आगे निकल जाता तो जिन्ना भी बहिश्त में खुश हो जाते लेकिन उसे पहले अमेरिका की गुलामी करनी पड़ी और अब चीन की करनी पड़ रही है।क्या जिन्ना ने पाकिस्तान इसीलिए बनवाया था जरूरी यह है कि वह कश्मीर को आजादी दिलाने के पहले खुद आजाद होकर दिखाए। यदि वह अपने नागरिकों के मानव अधिकारों की रक्षा कर रहा होता तो वह इस्लामी जगत ही नहीं, सारी दुनिया का सितारा बन जाता लेकिन उसके हजारा, पठानों, सिंधुओं, बलूचों, हिंदुओं, सिखों और शियाओं की हालत क्या है खुद प्रधानमंत्री इमरान खान और विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी उस पर कई बार अफसोस जाहिर कर चुके हैं। पाकिस्तान की जनता और सरकार पहले खुद अपने मानवों के अधिकारों की रक्षा करके दिखाए, तब उन्हें भारत या किन्हीं देशों के बारे में बोलने का अधिकार अपने आप मिलेगा। जहाँ तक 'इस्लामी सहयोग संगठन' का सवाल है, उससे तो मैं इतना ही कहूँगा कि वह पाकिस्तान का सहयोग सबसे ज्यादा करे। उसे अमेरिका और चीन-जैसे देशों के आगे झोली पसारने के लिए मजबूर न होने दे। उसे युद्ध और आतंकवाद में फंसने से बचाए। इस्लाम के नाम पर बना वह दुनिया का एक मात्र देश है। उसे वह ऐसा देश क्यों न बनाए कि सारी दुनिया उस पर और इस्लाम पर नाज़ करे

# स्कूल खोलने को दी जाए सर्वोच्च प्राथमिकता

**डॉ. अजीत रानाडे**

तीसरी लहर या कोविड-19 के डेल्टा संस्करण के खतरों को स्कूलों को फिर से खोलने वाले लाभों के साथ संतुलित किया जा सकता है। कोविड प्रोटोकाल के सख्ती से पालन, कोविड के संक्रमण के उपचार की बेहतर समझ और बढ़ते टीकाकरण तथा सामुदायिक प्रतिरक्षण के चलते यह जोखिम उठाया जा सकता है। क्या यह आश्चर्य की बात नहीं है कि ग्रामीण क्षेत्रों के 97 फ़ीसदी पालकों ने स्कूल खुलने का जबरदस्त समर्थन किया है। वास्तव में एक पालक ने तो सर्वे करने वालों से यह पूछ भी लिया कि क्या आपको हमसे यह सवाल पूछने की जरूरत है

देश के 15 राज्यों में किए सर्वेक्षण में पाया गया है कि ऑनलाइन शिक्षा पद्धति के परिणाम संतोषजनक नहीं हैं। पिछले 17 महीनों से देश की प्राथमिक और माध्यमिक शालाएं बंद पड़ी हैं और पढ़ाई का सारा कामकाज ऑनलाइन हो रहा है। ऑनलाइन पढ़ना और पढ़ाना कितना प्रभावशाली है, इस बारे में हमारे पास बहुत से वास्तविक साक्ष्य हैं। जिन परिवारों में एक ही स्मार्टफोन है वहां यह ऑनलाइन छात्र को प्राथमिकता के रूप में दिया जाता है। स्मार्टफोन और टेबलेट के उपयोग के समय कनेक्टिविटी या बैंडविथ की समस्याएं सामने आ रही हैं। इसके अतिरिक्त शिक्षकों के साथ प्रत्यक्ष संपर्क न होने के कारण छात्रों को विषयवस्तु समझने में भी कठिनाई हो रही है। कुछ शहरी अभिजात वर्ग के स्कूलों को छोड़कर पालकों, शिक्षकों और छात्रों की राय है कि यह अनुभव बहुत असंतोषजनक है। हाल ही में प्रकाशित एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। इमरजेंसी रिपोर्ट ऑन स्कूल एजुकेशन (ईआरएसई) शीर्षक से प्रकाशित इस रिपोर्ट को विख्यात अर्थशास्त्री जीन ड्रेज़, रितिका खैरा ने निराली बाकला और विपुल पैकरा के साथ मिलकर तैयार किया है। यह रिपोर्ट तैयार करने के लिए 100 स्वयंसेवकों ने पहली कक्षा से आठवीं कक्षा तक के 1400 छात्रों का साक्षात्कार किया। यह सर्वे असम, बिहार, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में किया गया। सर्वे के निष्कर्ष चौंकाने वाले हैं। सर्वे के मुताबिक ग्रामीण क्षेत्रों के सिर्फ 8 प्रतिशत और शहरी इलाकों के 24 प्र.श. छात्र नियमित रूप से ऑनलाइन पढ़ाई कर रहे हैं। हाल के महीनों में देखा गया कि शहरी क्षेत्रों के 19 प्र.श. और ग्रामीण क्षेत्रों के 37 फीसदी छात्रों ने पढ़ाई ही नहीं की। इन छात्रों ने पढ़ाई पूरी तरह से छोड़ दी है। शहरी इलाकों के आधे से ज्यादा 52 प्र.श. और ग्रामीण क्षेत्रों के 71 फीसदी छात्रों ने इस सर्वे के 30 दिन पहले तो अपने शिक्षकों से मुलाकात भी नहीं की थी।

स्कूली शिक्षा में आई इस कमी का सीधा परिणाम पढ़ने के कौशल पर पड़ेगा। इसका अर्थ यह है कि महामारी के दौरान साक्षरता का स्तर और नीचे जाएगा। प्राथमिक शालाओं के 500 से अधिक दिन बंद रहने का कई मायनों में नकारात्मक असर पड़ा है। सबसे पहला साक्षरता के स्तर में भारी गिरावट है। दूसरा, मध्याह्न भोजन योजना (मिड डे मील्स) बंद होने के कारण छात्रों के पोषण स्तर पर असर पड़ रहा है। हालांकि रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को स्कूल में मिड डे मील्स का विकल्प मिला किंतु शहरी क्षेत्रों के 20 फ़ीसदी छात्रों और ग्रामीण क्षेत्रों के 14 प्र.श. छात्रों को खाद्यान्न या नगद किसी भी रूप में कोई विकल्प नहीं मिला। तीसरा, अब जब बच्चों को किसी भी परीक्षा के बिना अगली कक्षा में पदोन्नत किया जाएगा, उदाहरण के लिए पांचवी कक्षा में, तब उनके पढ़ाई का अधिकतम स्तर तीसरी कक्षा जितना ही होगा। यह अंतर कम करने के लिए बहुत कड़े प्रयास करने होंगे क्योंकि इसका असर कई वर्षों तक रह सकता है।चौथा, सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों पर इसका काफी खतरनाक असर पड़ेगा। उदाहरणार्थ, दलित और आदिवासी समाज के सिर्फ 5 फ़ीसदी छात्र पहले से रिकॉर्डिंग वीडियो देखने के अलावा ऑनलाइन कक्षाओं में उपस्थित रहते हैं। इस समूह में साक्षरता का स्तर 61 प्र.श. तक गिर गया है। सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों में पढ़ने की क्षमता और साक्षरता में गिरावट को महसूस किया जा रहा है। पांचवा है स्कूल छोड़ने का प्रभाव, आय में गिरावट के कारण पालकों द्वारा बच्चों को स्कूल से निकाला जा रहा है क्योंकि पालक स्कूल की फीस भरने में स्वयं को असमर्थ पा रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि खास तौर पर 10 से 14 वर्ष के आयु वर्ग में बाल श्रमिकों की संख्या बढ़ी है। इसमें स्कूलों से निकाले गए बच्चे शामिल हैं जो घर में बिना किसी मेहनताने के काम कर रहे हैं। इसका प्रभाव लड़कों की बनिस्बत लड़कियों पर ज्यादा पड़ा है।

इस रिपोर्ट का निष्कर्ष यह है कि स्कूल तुरंत खोले जाने चाहिए। स्कूलों को बंद रखना एक आसान विकल्प है लेकिन इसके दीर्घकालीन हानिकारक परिणाम हैं। वास्तव में इसे कोविड-19 के दीर्घकालीन प्रभाव के रूप में देखा जाना चाहिए। स्कूलों को फिर खोलने के लिए सुनियोजित कार्यक्रम और कल्पना की जरूरत होगी। शुरुआत में इसे छात्रों की बारी-बारी से आंशिक उपस्थिति के साथ आरंभ किया जा सकता है, किंतु शिक्षकों के साथ छात्रों का ऑफलाइन संपर्क उनके संपूर्ण विकास के लिए आवश्यक है। शालाएं समाजीकरण का माध्यम हैं और इसका मतलब आपस में मिलना-जुलना आवश्यक है। मध्याह्न भोजन योजना सिर्फ पोषण के लिए या स्कूलों में उपस्थिति बढ़ाने के लिए नहीं है बल्कि इसका उद्देश्य बच्चों का आपस में घुलना-मिलना बढ़ाने और उन्हें सामाजिक रूप से मिलाना भी है। छात्रों और शिक्षकों को प्रभावित करने वाली तीसरी लहर या कोविड-19 के डेल्टा संस्करण के खतरों को स्कूलों को फिर से खोलने वाले लाभों के साथ संतुलित किया जा सकता है। कोविड प्रोटोकाल के सख्ती से पालन, कोविड के संक्रमण के उपचार की बेहतर समझ और बढ़ते टीकाकरण तथा सामुदायिक प्रतिरक्षण के चलते यह जोखिम उठाया जा सकता है। क्या यह आश्चर्य की बात नहीं है कि ग्रामीण क्षेत्रों के 97 फ़ीसदी पालकों ने स्कूल खुलने का जबरदस्त समर्थन किया है। वास्तव में एक पालक ने तो सर्वे करने वालों से यह पूछ भी लिया कि क्या आपको हमसे यह सवाल पूछने की जरूरत है

लॉकडाउन जारी रखने के सभी प्रकार के निर्णयों के लिए हमें कोविड-19 का बहाना नहीं बनाना चाहिए। यह महामारी किसी मिसाल के बिना है पर अब हमें सारे विश्व से और भारत में भी दस्तावेजी सबूत मिल चुके हैं जिनकी मदद से हम लॉकडाउन को पूरी तरह से खोलने की योजना बना सकते हैं। पिछले वर्ष लॉकडाउन को अचानक पूरी कड़ाई के साथ लागू कर दिया गया था। इसे जीवन और आजीविका की विपरीत परिस्थितियों के बीच संतुलन के रूप में पेश किया गया था किंतु अब करीब 18 माह बाद इसकी जरूरत नहीं रह गई है। पिछले वर्ष लॉकडाउन के कारण अनौपचारिक क्षेत्र, खुदरा और आतिथ्य क्षेत्र-होटल व्यवसाय की कई नौकरियां हमेशा के लिए समाप्त हो गई हैं। दैनिक रोजी-रोटी कमाने वालों की हालत और भी खराब हो गई है। इनकी आजीविका फिर से शुरू हो सके इसके लिए उन्हें मदद और समर्थन की जरूरत है। इसके साथ ही यह भारत की मानव पूंजी में गिरावट रोकने के लिए आवश्यक है। आज के बच्चे कल के कामगार हैं। ईआरएसई की रिपोर्ट, यदि किसी के लिए आवश्यक हो तो, सतर्क करने की घंटी है। ऑनलाइन स्कूलिंग और पढ़ने के स्तर में गिरावट के आंकड़ों से परे इस रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि बच्चों के आचरण में गिरावट आई है। पालकों ने शिकायत की है कि आलस, व्यायाम की कमी, फोन की लत एवं अन्य कारणों से बच्चे अनुशासनहीन, आक्रामक और हिंसक तक हो गए हैं। परिवारों को ऐसी कई तनावपूर्ण स्थितियों का सामना करना पड़ा है। जाहिर है कि स्कूल खोलने के लाभ सिर्फ पढ़ने-लिखने या लेखन कौशल के विकास से कहीं ज्यादा हैं।

# पूंजी को परोसी जाती सार्वजनिक सम्पत्ति

**प्रेरणा**

तब की हो या अब की, निजी पैसे पर चलने वाली पार्टियां यह समझाती हैं कि जब तक जमीन और प्राकृतिक संसाधन सरकार के या निजी हाथों में नहीं आते, तब तक विकास संभव नहीं है। इसलिए 2015 में नया कानून पास हुआ जिसमें से वे सारी बातें हटाई गईं जो इस असीमित लूट को रोक रही थीं। विपक्ष ने विरोध किया, तब शकुनी मामा के लिए दिल्ली नई-नई थी। बेचारे झुक गए! फिर उन विवादास्पद मुद्दों को 2015 के नये कानून से हटाया गया। बाजा बिछी हुई है। दोनों तरफ खिलाड़ी बैठे हैं। एक के बाद एक दूसरी चाल चली जा रही है। खरीदार अंदाज कर रहा है कि बोली ठीक तो लग रही है एक चाल और सारा माल अपना ऐसा कैसे हो शकुनी मामा की पौ बारह है, ठीक से तमाशा नहीं हुआ तो फायदा क्या! भरी सभा में कोई कह बैठे कि सब छल हो रहा है तो इसलिए पांसा फेंकने का मौका दोनों तरफ दिया जा रहा है, लेकिन जो साफ़ दिख रहा है कि सारे नियम एकतरफा बनाए गए हैं। पहला पांसा फेंका गया था - 2015 में, विकास के नाम पर जमीन अधिग्रहण का! यह नाटक बरसों से चला आ रहा था। अंग्रेज़ों ने कानून 1894 में बनाए थे। सौ-सवा सौ साल तक जब उसका सारा रस चूस उससे और रस निकालने की संभावना ख़त्म होने लगी तब सरकारों ने 2013 में यह कानून बदला। वैश्वीकरण के रास्ते अब इनको अपने हित का नया कानून चाहिए था। शुरुआत में 2013 के नए क़ानून में अधिग्रहण के पहले उचित मुआवजे का हक, स्थानीय लोगों की रजामंदी लेना और जमीन अधिग्रहण के सामाजिक प्रभाव का अध्ययन जैसी बातें जोड़ी गईं, जल-जंगल-जमीन पर आदिवासियों के हक को भी मंज़ूर किया गया ताकि न्याय का भ्रम बना रहे, लेकिन इरादा साफ था कि आगे बदलाव होंगे। तब की हो या अब की, निजी पैसे पर चलने वाली पार्टियां यह समझाती हैं कि जब तक जमीन और प्राकृतिक संसाधन सरकार के या निजी हाथों में नहीं आते, तब तक विकास संभव नहीं है। इसलिए 2015 में नया कानून पास हुआ जिसमें से वे सारी बातें हटाई गईं जो इस असीमित लूट को रोक रही थीं। विपक्ष ने विरोध किया, तब शकुनी मामा के लिए दिल्ली नई-नई थी। बेचारे झुक गए!

फिर उन विवादास्पद मुद्दों को 2015 के नये कानून से हटाया गया। कौन भारतीय भूल सकता है कि केवल पांच गांव भर जमीन न देने के कारण महाभारत हुआ था! शायद इसलिए सरकार पीछे हट गई, लेकिन नए कानून में एक छेद रखा गया। सुरक्षा, सैन्य-सुरक्षा, गांव में विकास या औद्योगिक कॉरिडोर के नाम पर जमीन अधिग्रहण पर कोई नियम लागू नहीं होगा! पहले ऐसा था कि उपजाऊ जमीन, जिसमें एक से ज्यादा फसलें लगती थीं, उनको सरकार नहीं ले सकती थी। अब आप सरकार पर भी प्रतिबंध लगाएंगे जिस सरकार पर कोई प्रतिबंध लगाया जा सके, वह सरकार ही कैसे इसलिए 2015 में जमीन अधिग्रहण का नया कानून बना। अब सरकार खुद भू-माफिया बन कर सामने आ गई। फिर एक पांसा 2019 में फेंका गया। इस बार सरकार पहले से भी ज़्यादा बहुमत से जीत गई। अब तो कौन रोकता और कैसे सैयां भये कोतवाल... वाला मामला बना! लेकिन हम तो दर्शक हैं, हमने 1894 भी देखा, 1991 और 2013 भी! अब 2021 भी देख रहे हैं! रोड के नाम पर, सुरक्षा के नाम पर, ग्रामीण विकास और औद्योगिक कोरिडोर की अनंत योजनाओं के नाम पर जमीन का अंधाधुंध अधिग्रहण हुआ। कोई निजी कम्पनी जैसा करने से पहले दस बार सोचती, वैसा करते हुए सरकार पलक भी नहीं झपकाती है। जनता का गुस्सा बिकता भी है, डरता भी है। सो अपनी सेना, अपनी पुलिस और अपना कानून सब काम आसान बना देता है- आसान नहीं, बहुत आसान!

अब सबसे नया पासा फेंका है, वित्तमंत्री मैडम सीतारमण ने। वे देश की सम्पत्ति का पूंजीकरण कर रही हैं। वे बार-बार समझा रही हैं कि जमीन हो या कम्पनी, बिक कुछ भी नहीं रहा। केवल कार्यकुशलता बढ़े, इसके लिए निजी क्षेत्र को सार्वजनिक माल किराए पर दिया जा रहा है। जितने प्रोजेक्टों का चयन इस काम के लिए हुआ है, उसका 66 फीसदी रोड, रेल और बिजली के उपक्रम हैं। बाकी खदान, बंदरगाह, टेलिफोन, विमान, वाहन जैसे उपक्रम तो हैं ही। अब आप हिसाब लगाइए कि आपकी कितनी जमीन ऊपर लिखे गए उपक्रमों के तहत सरकार ने पिछले 6 सालों में अधिग्रहीत की है यहीं आकर सारा भेद खुल जाता है। बाकी सब धोखा है, दरअसल खेल है जमीन हड़पने का। जमीन वह अक्षय दौलत है जिस पर सारी दौलतें खड़ी हैं। जमीन बढ़ नहीं सकती, सो इसकी कीमत कभी घट नहीं सकती! तो जमीन की मालिकी भले सरकार की रहे, उस पर धंधा निजी कंपनियां करेंगी। मैं एक बार नादानी में मान लेती हूं कि सरकार ऐसी कोई दलाली नहीं कर रही। तो सरकार क्या कर रही है सरकार निजी कंपनियों को कालीन बिछाकर बुला रही है कि आइए, मुनाफा कमाइए और उसका एक हिस्सा हमें भी दे जाइए। सपना यही तो है न कि अगले चार साल में सरकार 6 लाख करोड़ रुपए कमाएगी। तो भई, अगले चार साल इतने रुपए सरकार को देने के लिए कंपनी को अगले 30 साल की अपनी कमाई का नक्शा बनाना तो पड़ेगा न!

सच तो यह है कि बैंकों का निजीकरण, एयर इंडिया की बिकवाली ऐसे कितने ही सरकारी प्रकल्प हैं जिनको कोई खरीददार नहीं मिल रहा। निवेश के नाम पर भारत से ही चुराया टैक्स-चोरी का पैसा भारत आता है और सरकार ताली बजाती है कि हमें देखकर निवेशक आ रहे हैं। विमान हो, गैस हो, बंदरगाह हो या कि टेलिफोन हो अपने देश में खिलाड़ी बचे ही कितने हैं एक-एक कर सारी कम्पनियां तो दिवालिया हो गयीं हैं! ऐसे माहौल में कुछ गिनी-चुनी कंपनियां ही हैं जो इस पूरे खेल का लाभ लेंगी। ऐसे खिलाड़ियों के नाम देश की हर गली में, हर बच्चा जानता है। चौसर के इस खेल का क्लाईमेक्स वर्ष 2024 के चुनावों के पहले आना है। तब तक धीरज रखिए। जनता द्रौपदी है जिसका चीरहरण होता ही रहता है।

## आईपीएल फ्रेंचाइजियों में रिप्लेसमेंट के तौर पर कुछ और खिलाड़ी हुए शामिल, बीसीसीआई ने जारी की लिस्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स, मुंबई इंडियंस, पंजाब किंग्स, राजस्थान रॉयल्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद ने बचे हुए आईपीएल 2021 सीजन के लिए रिप्लेसमेंट के तौर पर कुछ और खिलाड़ी चुने हैं। दिल्ली कैपिटल्स ने इंग्लैंड के ऑलराउंडर क्रिस वोक्स की जगह ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बेन द्वारशुइस को टीम में शामिल किया है। द्वारशुइस ने अब तक 82 टी-20 मुकाबले खेले हैं और 100 विकेट लिए हैं। इसके अलावा फ्रेंचाइजी ने एम सिद्धार्थ के स्थान पर बाएं हाथ के मध्यम तेज गेंदबाज कुलवंत खेजरोलिया को चुना है। खेजरोलिया ने इससे पहले आईपीएल में मुंबई इंडियंस



और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर का प्रतिनिधित्व किया है।

डिफेंडिंग चैम्पियन मुंबई इंडियंस ने मोहसिन खान की जगह गुजरात के बाएं हाथ के मध्यम तेज गेंदबाज रश कलारिया को टीम में शामिल किया है। उन्होंने अब तक 54 फर्स्ट क्लास, 46 लिस्ट ए और 31 टी-20 मैच खेले हैं और कुल 271 विकेट लिए हैं। इस बीच पंजाब किंग्स ने भी रिप्लेसमेंट लिस्ट में एक और खिलाड़ी जोड़ा है। इंग्लैंड के डेविड मलान की गैर मौजूदगी के कारण दक्षिण अफ्रीकाई बल्लेबाज एडन मार्करम टीम में उनकी जगह लेंगे। इससे पहले पंजाब ने आदिल राशिद और नाथन एलिस को झाई रिचर्डसन और रिले मेरेडिथ के रिप्लेसमेंट खिलाड़ियों के रूप में चुना था।

राजस्थान रॉयल्स ने वेस्ट इंडीज की ओशेन थॉमस और एविन लुईस की जोड़ी को टीम में शामिल किया है जो बेन स्टोक्स और जोस बटलर की जगह लेंगे। अब तक 17 टी-20 मुकाबले खेल चुके थॉमस इससे पहले भी राजस्थान रॉयल्स का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। बाएं हाथ के बल्लेबाज लुईस ने 45 टी-20 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 158.03 के स्ट्राइक रेट से 1318 रन बनाए हैं। राजस्थान ने इससे पहले तबरेज शम्सी और ग्लेन फिलिप्स को टीम में शामिल किया था। इस बीच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने चोटिल वॉशिंगटन सुंदर की जगह बंगाल के मध्यम तेज गेंदबाज आकाश दीप को चुना है। आकाश दीप ने अब तक नौ फर्स्ट क्लास, 11 लिस्ट ए और 15 टी-20 मैच खेले हैं और कुल 73 विकेट उनके नाम हैं। आरसीबी ने इससे पहले एडम जाम्पा, डेनियल सैम्स, केन रिचर्डसन और फिन एलन के रिप्लेसमेंट के तौर पर क्रमशः वानिंदु हसरंगा, दुष्मंथा चमीरा, जॉर्ज गार्टन और टिम डेविड को टीम में शामिल किया था। सनराइजर्स हैदराबाद ने इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो के रिप्लेसमेंट के तौर पर शेरफेन रदरफोर्ड को टीम में शामिल किया है। सात आईपीएल मैच चुके वेस्ट इंडीज के रदरफोर्ड इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस का हिस्सा रह चुके हैं।

## बैटिंग में आए जबरदस्त सुधार के लिए एमएस धोनी की खास टिप्स को क्रेडिट देते हैं शार्दुल ठाकुर, शेयर किया किस्सा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पहले ऑस्ट्रेलिया और फिर इंग्लैंड में भारत को टेस्ट मुकाबलों में ऐतिहासिक जीत दिलाने वाले भारत के स्टार ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर अब आईपीएल के दूसरे फेज में धमाका करने को तैयार हैं। इन दोनों देशों में शार्दुल ने गेंद के साथ-साथ बल्लेबाजी में भी टीम को अहम योगदान दिया था। शार्दुल ने अब तक मात्र 4 टेस्ट खेले हैं, जिनमें उनके बल्ले से अब तक तीन फिफ्टी निकल चुकी हैं। उनके मुताबिक बैटिंग में आए सुधार के लिए उन्होंने जमकर मेहनत की है। उन्होंने इस सुधार के भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को क्रेडिट दिया है।

इंडियन एक्सप्रेस से बात करते हुए उन्होंने धोनी को लेकर एक किस्सा शेयर किया। उस वाकये को याद करते हुए शार्दुल ने कहा, एक दिन मैं माही भाई के रूम में था और उनका बैट पकड़ रखा था।



उन्होंने बताया कि बल्लेबाजी के दौरान मेरी बैट पर ग्रिप काफी ऊपर रहती है, इसलिए शॉट पर अच्छी तरह कंट्रोल करने के लिए मुझे थोड़ा इसे नीचे से पकड़ना चाहिए। अब मैं उसी जगह पर बैट पकड़ता हूं और इससे मुझे काफी मदद मिली है। अपने बैटिंग को लेकर शार्दुल ने कहा, जब मैं बल्लेबाजी के लिए जाता हूं तो ज्यादा नहीं सोचता हूं। मैं चीजों को सिम्पल रखने की कोशिश करता हूं। मेरे स्कूल के दिनों से ही मेरे कोच (दिनेश) लाड सर मुझसे कहते थे कि हम जितना सोचते हैं, चीजें उतनी ही उलझती जाती हैं। तो बस सीधे खेलने की कोशिश करो। पिछले पांच साल से मैंने अपनी बल्लेबाजी को आसान बनाने की कोशिश की है। कुछ छोटी-छोटी चीजें हैं, जिनका मैं पालन करना चाहता हूं। जैसे कि जब मैं अपना शॉट खेल रहा होता हूं तो अच्छी स्थिति में रहने की कोशिश करता हूं।

## न्यूजीलैंड को कोई खतरा नहीं था, उन्होंने घर वापसी के लिए बहाना बहाया

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड की 33 सदस्यीय टीम शनिवार की शाम इस्लामाबाद से चार्टर्ड फ्लाइट में दुबई के लिए रवाना हुई। एक दिन पहले न्यूजीलैंड टीम ने सुरक्षा के खतरे का हवाला देते हुए पाक दौरा रद्द कर दिया था। न्यूजीलैंड खिलाड़ियों और अधिकारियों को हवाईअड्डे पर रैपिड कोविड-19 टेस्ट से गुजरना पड़ा और सभी की रिपोर्ट नेगेटिव आने के बाद उन्हें कड़े सुरक्षा प्रोटोकॉल के बीच जाने की परमिशन दी गई। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने शुक्रवार को पहले वनडे इंटरनेशनल मैच से तुरंत पहले अचानक सीरीज रद्द करने का फैसला किया, जिसके लिए उन्होंने गंभीर सुरक्षा खतरे का हवाला दिया। न तो न्यूजीलैंड



बोर्ड और न ही उनकी सरकार ने पाकिस्तान सरकार, सुरक्षा अधिकारियों और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को इस खतरे की जानकारी साझा की।इस घटनाक्रम से नाराज पाकिस्तान के गृह मंत्री शेख राशीद अहमद ने शनिवार को कहा कि न्यूजीलैंड टीम को कोई खतरा नहीं था और उन्होंने सिर्फ घर रवाना होने के लिए बहाना बनाया, क्योंकि वे सीरीज नहीं खेलना चाहते थे। बता दें कि न्यूजीलैंड की टीम 11 सितंबर को पाकिस्तान पहुंची थी।वह 18 साल बाद सीरीज खेलने पाकिस्तान आई थी। टीम को इस दौरे पर तीन वनडे और पांच टी-20 इंटरनेशनल मैच खेलने थे। उन्होंने कड़ी सुरक्षा के बीच पिंडी स्टेडियम में कुछ अभ्यास सेशन में हिस्सा लिया था, लेकिन मैच के दिन उन्होंने सीरीज रद्द करने का फैसला किया।

## धोनी के शेरों से भिड़ेगी रोहित शर्मा की पलटन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग के 14वें सीजन के दूसरे फेज की शुरुआत 19 सितंबर से होने जा रही है। टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई इंडियंस का सामना चेन्नई सुपर किंग्स से होना है। इस सीजन जब पहली दफा यह दोनों टीमें एक-दूसरे के खिलाफ मैदान पर उतरी थीं, तो रोमांचक मुकाबले में बाजी रोहित शर्मा की पलटन ने मारी थी। ऐसे में महेंद्र सिंह धोनी के शेर भारत में मिली हार का हिसाब यूएई में जरूर चुकता करना चाहेंगे। मुंबई की टीम हमेशा की तरह एकबार फिर कागज पर काफी मजबूत नजर आ रही है। मुंबई के लिए अच्छी खबर यह है कि टीम के सभी



खिलाड़ी पहले मैच के लिए उपलब्ध होने वाले हैं और रोहित वैसे ही आमतौर पर प्लेइंग इलेवन से ज्यादा छेड़छाड़ करने में विश्वास नहीं रखते हैं। आईपीएल 2021 के पहले लेग में टीम की तरफ से सबसे अधिक रन बनाने वाले कप्तान रोहित शर्मा क्विंटन डिकॉक के साथ ओपनिंग करते हुए नजर आएंगे। रोहित इंग्लैंड में जमकर रन बरसा कर लौटे हैं तो वहीं, डिकॉक का प्रदर्शन हाल में खेली गई बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज में लाजवाब रहा था। दोनों ही सलामी बल्लेबाज फॉर्म में हैं और सीएसके की गेंदबाजों की लंका लगाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। मिडिल ऑर्डर में टी-20 विश्व कप में अपनी जगह पक्की करने वाले सूर्याकुमार यादव नंबर तीन पर अब और अधिक आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी करते हुए नजर आएंगे। वहीं, नंबर चार पर ईशान किशन अपने काम को बखूबी अंजाम देना काफी अच्छे से जानते हैं। ऑलराउडर्स में हार्दिक और क्रुणाल पांड्या की जोड़ी हमेशा से ही मुंबई के लिए हिट रही है और कीरोन पोलार्ड की चेन्नई के खिलाफ वो तूफानी पारी शायद ही कोई भूला होगा।

गेंदबाजी में रोहित तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतरने का फैसला ले सकते हैं। जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट बॉलिंग अटैक की अगुवाई करते नजर आएंगे। वहीं, तीसरे तेज गेंदबाज के तौर पर मुंबई एडम मिलान को शामिल कर सकती है। स्पिन विभाग में राहुल चाहर यूएई की पिचों पर काफी सफल हो सकते हैं। वहीं, क्रुणाल भी उनका साथ निभाते हुए दिखाई देंगे। मुंबई ने टूर्नामेंट स्थगित होने से पहले 7 मैच खेले थे, जिसमें से टीम को 4 में जीत नसीब हुई थी, जबकि तीन में हार का स्वाद चखना पड़ा था। मुंबई इंडियंस का संभावित प्लेइंग घ: रोहित शर्मा, क्विंटन डिकॉक, सूर्याकुमार यादव, ईशान किशन, हार्दिक पांड्या, क्रुणाल पांड्या, कीरोन पोलार्ड, जसप्रीत बुमराह, राहुल चाहर, ट्रेंट बोल्ट, एडम मिलान।

## गांवों में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं, सभी को मिलना चाहिए प्लेटफार्म : उपेंद्र तिवारी

### राज्य मंत्री उपेंद्र तिवारी ने पीएम के खेलो इंडिया के तहत खेलकूद मैदान और संसाधन उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)खेल, युवा कल्याण एवं पंचायती राज उत्तर प्रदेश सरकार उपेंद्र तिवारी द्वारा गेस्ट हाउस ज्ञानपुर में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी। समीक्षा बैठक में समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ प्रत्येक लाभार्थी तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने विभागवार योजनाओं की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि अवशेष घरों में शौचालय बनवा लिया जाए।

राज्यमंत्री द्वारा जनपद में टीकाकरण के कार्य में तेजी लाये जाने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिस जगह पर टीकाकरण कराया जाना है, उस क्षेत्र में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कराया जाए। मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत छुटे लोगों को लाभ दिलाने के निर्देश दिए। राज्य मंत्री



(स्वतंत्र प्रभार) ने बताया कि पात्रों को शौचालय बनाने का निर्देश तथा पात्रों को आवास भी दिलाया जाय। तथा जहां खेल कूद के ग्राउंड बनवाया जाय, तथा दीवार भी बनाई जाय। श्री तिवारी जी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की मंशा है कि अपने खिलाड़ियों को आगे बढ़ना चाहिए और अलग-अलग फील्ड के प्रतिभाशाली लोगों को सरकार की ओर से एक मंच मिलना चाहिए। केन्द्र एवं राज्य सरकार इसी दिशा में प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री जी ने 'खेलो इंडिया' के माध्यम से देश एवं प्रदेश के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है, जो अभिनंदनीय है। इसी कड़ी को प्रदेश सरकार ने आगे बढ़ाया है।

इसके अन्तर्गत राजस्व विभाग, पंचायती राज, खेल विभाग, ग्राम विकास विभाग मिलकर हर गांव मे खेल का मैदान तैयार कर रहे हैं। साथ ही, यह भी निर्देश दिये गये हैं कि खेल के मैदान के साथ-साथ ओपन जिम का भी निर्माण हो, जिससे युवा पीढ़ी की खेल के प्रति रुचि बढ़े। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उपेन्द्र तिवारी जी ने कहा कि 'खेलो इंडिया' के तहत अभी हर स्तर पर प्रतिस्पर्धाएं चल रही हैं, जिससे नई पीढ़ी को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। स्कूल, कॉलेज व गांव में अलग-अलग स्तर पर यह कार्यक्रम चल रहा है।

उन्होंने कहा कि खेल का मैदान, स्टेडियम, मिनी स्टेडियम का निर्माण एवं स्पोर्ट्स किट उपलब्ध करायी जा रही है। इस अवसर पर विधायक औराई दीनानाथ भाष्कर, मुख्य विकास अधिकारी भानू प्रताप सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी बालेश्वरधर द्विवेदी, परियोजना अधिकारी मनोज कुमार राय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह, जिला सूचना अधिकारी प्रवीण मालवीय एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## 2022 में पुनः बनेगी भाजपा सरकार : दयाशंकर

### प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में बोले पूर्वांचल बोर्ड के उपाध्यक्ष

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** भाजपा प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में 2022 विधानसभा चुनाव में पुनः भाजपा को प्रचंड बहुमत दिलाने का कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया। खण्ड विकास कार्यालय सभागार में आयोजित सम्मेलन में मुख्य अतिथि पूर्वांचल बोर्ड के उपाध्यक्ष दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन का उद्देश्य यह है कि समाज में भाजपा के विचार जन-जन तक पहुंचे। राष्ट्रवादी विचारधारा भाजपा का मुख्य उद्देश्य है। भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार राष्ट्र को शक्तिशाली बनाने पर कार्य कर रही है। सभी चुनावी घोषणा अमल में लाया जा रहा है, लेकिन जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है, विपक्षी दल अनरगल बयानबाजी व दुष्प्रचार में जुट गये है। जनता को भ्रमित करने में लगे है। ऐसे में सभी की जिम्मेदारी है कि भाजपा के नीतियों व सरकार की



जनकल्याणकारी कार्यो से जनता अवगत हो। सम्मेलन को जिला अध्यक्ष विनय कुमार श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने भी संबोधित किया। सम्मेलन में तहसील बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सूर्य प्रकाश द्विवेदी व संचालन प्रिय कुमार श्रीवास्तव ने किया। विधानसभा प्रभारी जगदीश नारायण पांडेय व विस्तारक सत्य प्रकाश ने प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में 2022 विधानसभा चुनाव से सम्बंधित जोश भरा। इस मौके पर प्रमोद चतुर्वेदी, सत्य शील गुप्ता, अनिल कुमार सिंह मुन्ना, सुरेंद्र कुमार पांडेय, सुनील मिश्रा, संतोष पांडेय, ओमप्रकाश तिवारी, ओम प्रकाश पांडेय, मुकेश उपाध्याय विनोद कुमार सोनकर शास्त्री, अमित पांडेय, सोनू दुबे, दिलीप दुबे, दिलीप गुप्ता, लालता सोनकर, अजय दूबे, मो.अली सिद्दीकी, अशोक पाठक, दिलीप यादव, मनोज शुक्ला, राकेश दुबे, सुरेंद्र कुमार दुबे, गोरेलाल पांडेय, राजेंद्र मिश्रा, राजेंद्र दुबे व जिला मीडिया प्रभारी गोवर्धन राय आदि उपस्थित रहे।

## विधि विधान पूर्वक विसर्जित की गई गणेश जी की प्रतिमा

**भदोही।** देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर नगर के लोहराना गली में स्थापित उनके प्रतिमा का शनिवार को विसर्जित करने के लिए विसर्जन जुलूस निकाला। कोरोना महामारी को देखते हुए जुलूस में भीड़भाड़ नहीं रही। प्रतिमा को वाहन में रखकर विसर्जन जुलूस निकाला और उगापुर में स्थित नहर में विसर्जित किया गया। नगर के लोहराना गली में प्रति वर्ष देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर उनके प्रतिमा को स्थापित किया जाता है। जहां पर श्रद्धालुओं द्वारा देव शिल्पी की आराधना की जाती है। इस साल भी देव शिल्पी का मोहल्ले में प्रतिमा स्थापित किया गया। जहां पर उनकी आराधना के बाद शनिवार को विदाई दी गई। विसर्जन से पूर्व गीतों पर श्रद्धालु जमकर नाचे और थिरके। वाहन में देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा को रखकर विसर्जित करने के लिए श्रद्धालु लेकर निकल पड़े। कोरोना महामारी को देखते हुए प्रतिमा विसर्जन जुलूस में भीड़भाड़ नहीं रही।

## शिवन्या फाउंडेशन आयोजित करेगा रक्तदान सम्मान समारोह

**अखंड भारत संदेश**

**घोसिया।** जनपद में रक्तदान के क्षेत्र में अग्रणी काम करने वाली संस्था शिवन्या फाउंडेशन की समीक्षात्मक बैठक की गई। जिसमें प्रमुख रुप से संस्था के द्वारा अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा और उन पर प्रकाश डालने के साथ-साथ शिवन्या फाउंडेशन ने अपने रक्त वीरों को आने वाले 30 सितंबर को सम्मानित करेगा।

इस दौरान शिवन्या फाउंडेशन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश कुमार शुक्ला ने बताया कि रक्तदाताओं के सम्मान समारोह से समाज में रक्तदान के प्रति एक नई चेतना आएगी, जिससे लोगों द्वारा आने वाले दिनों में रक्तदान के प्रति बढ़-चढ़कर सहभागिता की जायेगी। उन्होंने कहा कि मीटिंग में उपस्थित सभी सम्मानित जनों के रायशुमारी से यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर एडवोकेट योगेंद्र उपाध्याय, संघ परिवार के मुकेश दुबे, इंजीनियर कुशल तिवारी, डॉ.आशीष उपाध्याय, संस्था के सचिव रत्नेश दुबे, अनिल उपाध्याय, आलोक गिरी, अवधेश गोंड, लायंस क्लब के ब्लड डोनेशन



चेयरमैन अरविंद भट्टाचार्य, रेड क्रॉस सोसाइटी के कोषाध्यक्ष हरेंद्र, हिंदू युवा संगठन के नीतीश चौबे, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष शुभम मिश्रा सहित संस्था के अन्य लोग उपस्थित रहे।

## नहीं रहे अर्जुन पट्टी के लक्ष्मणदास जी महाराज

**घोसिया।** आज अर्जुन पट्टी आश्रम के महाराज लक्ष्मण दास जी का हृदय गति रुकने से उनकी मौत हो गई। वह प्रयागराज के सरस्वती हार्ट केयर हॉस्पिटल में कल सीने में दर्द उठने के कारण उन्हें एडमिट कराया गया था। आज सुबह उनकी पुनः अटैक होने पर उनके हृदय गति रुक गई। उनके भक्त संजय सिंह एवं सुरेश पाल ने कहा कि महाराज लक्ष्मण दास युवा काल से ही सन्यासी जीवन अपनाए हुए थे। यहां करीब 60 साल पहले अर्जुन पट्टी मंदिर पर आकर विराजमान हुए और धीरे-धीरे करके क्षेत्र एवं जिले में भक्तों का तांता लगता रहता है। वह एक सिद्ध पुरुष के रूप में जाने एवं पहचाने जाते थे। महाराज के लिए कोई छोटा या बड़ा नहीं सबको एक सामान वह प्रसाद एवं अपना आशीर्वाद दिया करते थे। जिससे आए दिन लोगों का अर्जुन पट्टी आश्रम पर भीड़ इकट्ठा होती रही। वही महाराज के सौजन्य से हनुमत उत्कर्ष माध्यमिक विद्यालय बनाया गया। जहां बच्चों को निःशुल्क शिक्षा एवं भरण पोषण किया जाता है। गरीब एवं दूरदराज से आए गरीब बच्चों का इस विद्यालय में पाठ पठन होता है एवं उनके खाने-पीने की व्यवस्था होती है।



## संपूर्ण समाधान दिवस : सात फरियादियों को मौके पर मिला न्याय

### निस्तारण की क्रास चेकिंग करवायें विभागीय अधिकारी : जिलाधिकारी

**अखंड भारत संदेश**


**भदोही।** समस्याओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है। तहसील भदोही में सम्पूर्ण समाधान दिवस के समापन अवसर पर उन्होंने कहा कि अधिकारी मौके पर जाकर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। इस दौरान शिकायतकर्ता को भी सुनें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी भानू प्रताप सिंह एवं उपजिलाधिकारी भदोही आशीष मिश्र ने शिकायतों की सुनवाई कर उनके निस्तारण का निर्देश दिया। तहसील दिवस में कुल 115 शिकायतें प्राप्त हुयी, जिसमें से 07 का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि

### भदोही तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 115 लोगों ने की शिकायत




ग्रामीणों के शिकायती पत्र प्राप्त होते ही तुरन्त कार्रवाई अमल में लाई जायें, ताकि तत्समय ही मौके पर ही निस्तारण किया जा सके। उन्होंने कहा कि तहसील दिवसों में इस प्रकार की शिकायतें प्राप्त होती है, यदि सम्बंधित विभाग समय से जनता की शिकायतें सुनकर निस्तारण करें तो तहसील दिवस में शिकायतों का ग्राफ कम हो जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जन सामान्य के कल्याणार्थ संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को दिया जाना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि जन सामान्य को मुलभूत सुविधायें मिले। शासन द्वारा संचालित योजनाएं पात्र व्यक्ति तक अवश्य पहुंचनी चाहिए और उसे उसी योजना से अवश्य जोड़ा जाए। कोई भी पात्र व्यक्ति शासन द्वारा संचालित योजनाओं से वंचित नहीं रहना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारीगण संवेदनशील होकर शिकायतें सुनें और शिकायतकर्ता को भी मौके पर बुला ले और गुणवत्तापूर्ण निराकरण करना सुनिश्चित करें। कहा कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। निस्तारण की चेकिंग कराई जायेगी। उन्होंने कहा कि कोई भी शिकायत लंबित न रखी जाये और उनका निस्तारण समयावधि में करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से मास्क का प्रयोग करें, सैनिटाइजर लगाएं तथा दो गज दूरी का पालन1 करें।

# राम मंदिर के लिए 115 देशों से पहुंचा पानी, बोले राजनाथ सिंह- हमने वसुधै कुटुम्बकम का संदेश दिया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए सात महाद्वीपों के 115 देशों से जल लाने का विचार अनूठा है और यह वसुधैव कुटुंबकम के संदेश को झलकाता है। सिंह ने अकबर रोड स्थित अपने आवास पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय तथा डेनमार्क, फिजी तथा नाइजीरिया समेत अनेक देशों के राजदूतों और उच्चायुक्तों की मौजूदगी में 115 देशों की नदियों, झरनों और समुद्रों का जल प्राप्त किया। भाजपा नेता और दिल्ली के पूर्व भाजपा विधायक विजय जॉली की अगुवाई में एनजीओ दिल्ली स्टडी सर्किल ने जल एकत्रित किया। जॉली के प्रयासों की सराहना करते हुए सिंह ने कहा, ''दुनिया के सभी देशों से जल लाने से भारत की वसुधैव कुटुंबकम की सोच झलकती है। 115 देशों से जल लाना एक उत्कृष्ट कार्य है। मुझे आशा है कि मंदिर निर्माण पूरा होने से पहले बाकी 77 देशों से भी जल लाया जाएगा। हम इस जल से अपने राम लला का 'जलाभिषेक करेंगे।उन्होंने कहा कि राम मंदिर का निर्माण सभी के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा, ''भारतीय संस्कृति बहुत समृद्ध है और भारत में जाति, वर्ण और धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होता।

इस अवसर पर राय ने कहा कि दुनिया के अनेक देशों से जल लाना एक ऐतिहासिक क्षण है।'' उन्होंने कहा, ''अयोध्या में एक 'सप्तसागर है। माना जाता है कि त्रेता युग में भगवान राम के राज्यतिलक के दौरान दुनिया के सभी सागरों का जल लाया गया था। और आज जब उनके जन्मस्थान पर उनका मंदिर बनाया जा रहा है तो दुनिया के सभी समुद्रों का जल एक बार फिर लाया गया है। यह हमारे लिए भावनात्मक विषय है।उन्होंने यह भी कहा कि राम मंदिर की नींव का पहला चरण पूरा हो गया है। जॉली ने कहा कि कोविड महामारी के दौरान जब लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकल सके तो उनके संगठन ने दुनिया के 115 देशों से पानी एकत्रित किया। उन्होंने कहा, ''केवल हिंदुओं ने ही नहीं, बल्कि दुनिया भर के मुस्लिम, सिख, ईसाई, यहूदी और बौद्ध धर्म के लोगों ने इस पवित्र काम में योगदान दिया है।''

## मोदी असली चेहरा, बाकी फटे मास्क, शिवसेना ने की पीएम मोदी की तारीफ, शाह पर हमलावर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शिवसेना के मुखपत्र सामना में अक्सर कुछ न कुछ ऐसा छपता है जो चर्चा का विषय बन जाता है। एक बार फिर शिवसेना एक संपादकीय चर्चा में है। शनिवार को प्रकाशित इस संपादकीय में प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ की गई है। वहीं गृहमंत्री अमित शाह के लिए कड़े शब्दों का इस्तेमाल किया गया है। लेख में मोदी को भाजपा का असली चेहरा बताया गया है। साथ ही कहा गया है कि पीएम मोदी 2024 चुनाव को देखते हुए बोल्ड कदम उठा रहे हैं और पुरानी गलतियों को ठीक कर रहे हैं। यह लेख शिवसेना प्रवक्ता और सामना के एसोसिएट एडिटर संजय राउत ने लिखा है। हालांकि सामना के इस संपादकीय में गृहमंत्री अमित शाह की बिल्कुल भी तारीफ नहीं की गई है। सामना ने पश्चिम बंगाल की हार के लिए अमित शाह को दोषी ठहराया है। लेख में कहा गया है कि अमित शाह ने पार्टी के लिए बंगाल का चुनाव गंवाया। वहीं महाराष्ट्र में 25 साल पुराने साथी शिवसेना को भी खो दिया। अखबार लिखता है, 'पीएम मोदी ही भाजपा का असली चेहरा हैं।

## 'राहुल गांधी नहीं, ममता बनर्जी को बनाया जाए चेहरा', टीएमसी को कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने दिखाया ठेंगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ममता बनर्जी को विपक्ष द्वारा प्रधानमंत्री का चेहरा बताने के बाद कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने इससे असहमति जताई है। शुक्रवार को जारी एक बयान में अधीर रंजन ने कहा कि वह इस बात से सहमत नहीं हैं। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस पार्टी प्रवक्ता ने ममता को विपक्ष का पीएम फेस बताया है। अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि ऐसे बयान विपक्ष के अभियान को कमजोर करेंगे। गौरतलब है कि इससे पहले टीएमसी ने कहा था कि पीएम मोदी का वैकल्पिक चेहरा बनने में राहुल गांधी विफल रहे हैं। इसलिए पार्टी ने ममता को विपक्ष का नेतृत्व करने का दावेदार बताया था। अधीर रंजन चौधरी टीएमसी के इसी दावे पर जवाब दे रहे थे। इससे पहले कांग्रेस ने भी तृणमूल कांग्रेस के दावे को ज्यादा महत्व देने से इनकार कर दिया था। तब कहा गया था कि यह अनुमान लगाना जल्दबाजी होगी कि मोदी का वैकल्पिक चेहरा कौन बनेगा? असल में तृणमूल कांग्रेस के बंगाली मुखपत्र 'जागो बांग्ला' ने एक कवर स्टोरी चलाई थी। इसमें टीएमसी के लोकसभा पार्टी के नेता सुदीप बंदोपाध्याय के हवाले से कहा गया था कि राहुल गांधी विफल रहे, ममता वैकल्पिक चेहरा हैं।

## लालू यादव के विधायक बेटे तेजस्वी, सांसद बेटी मीसा और बिहार कांग्रेस अध्यक्ष समेत छह पर एफआईआर का आदेश



**पटना (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) विधायक तेजस्वी यादव सहित छह लोगों के खिलाफ दायर परिवाद पत्र मामले में पटना सिविल कोर्ट के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने प्राथमिकी दर्ज करने के लिए परिवाद पत्र को कोतवाली थाना भेजा है। मामला लोकसभा चुनाव में टिकट देने के नाम पर पांच करोड़ रुपये ठगने का है। पटना के एसएसपी उपेंद्र कुमार शर्मा के माध्यम से भेजे गए परिवाद पत्र को ही प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश अदालत ने कोतवाली थानाध्यक्ष को दिया है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के बेटे तेजस्वी यादव के साथ ही राज्यसभा सदस्य बेटी मीसा भारती को भी आरोपित बनाया गया है। तेजस्वी पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगा है।

बता दें कि कांग्रेस नेता व अधिवक्ता संजीव कुमार सिंह ने पटना के सीजेएम की अदालत में 18 अगस्त को एक परिवाद पत्र दायर किया था। परिवाद पत्र मे बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, राज्यसभा सदस्य मीसा भारती के अलावा बिहार कांग्रेस अध्यक्ष मदन मोहन झा, सदानंद सिंह, राजेश राठौर को भी आरोपित बनाया गया था।

दायर परिवाद में कांग्रेस नेता व अधिवक्ता संजीव कुमार सिंह ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का टिकट देने के नाम पर मुझसे पांच करोड़ रुपये लिए गए और टिकट भी नहीं दिया गया। बाद में विधानसभा का टिकट देने का आश्वासन दिया गया, लेकिन वो टिकट भी मुझे नहीं दिया गया। इसके लिए वादी ने 25 जनवरी 2019 को राजद कार्यालय में तेजस्वी यादव और मदन मोहन झा के हाथों में पांच करोड़ रुपये दिए। टिकट नहीं मिलने पर जब वादी ने तेजस्वी यादव से संपर्क किया तो उनके द्वारा परिवादी को जान से मारने की धमकी दी गई।

## 27 सितंबर को कैसे करना है भारत बंद, किसान संगठन ने जारी की गाइडलाइन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तीन नए कृषि कानूनों को पारित हुए एक साल पूरा हो गया है। किसान इन कानूनों के खिलाफ करीब एक साल से प्रदर्शन कर रहा है. दिल्ली की सीमाओं पर देशभर के किसानों ने ढेरा डाल रखा है। वहीं, अलग-अलग राज्यों में भी किसान जगह-जगह विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच संयुक्त किसान मोर्चा ने 27 सितंबर को भारत बंद का ऐलान किया है। संयुक्त किसान मोर्चा के अलावा कई और किसान संगठन भी इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हैं। एक समाचार एजेंसी के मुताबिक किसानों ने कहा कि यह प्रदर्शन शांतिपूर्ण होगा और किसान यह सुनिश्चित करेंगे कि लोगों को कोई असुविधा न हो। ठएसकेएम ने संघटक संगठनों से कहा है कि वे समाज के सभी वर्गों से किसानों के साथ हाथ मिलाने और बंद का पहले से प्रचार करने की अपील करें ताकि जनता की असुविधा कम हो सके। बंद शांतिपूर्ण और स्वैच्छिक होगा और आपातकालीन सेवाओं को छूट देगा। एसकेएम ने एक बयान में कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के कार्यालयों, बाजारों, दुकानों, कारखानों, स्कूलों, कॉलेजों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों को किसानों द्वारा भारत बंद के दौरान काम करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ये बंद सुबह 6 बजे शुरू होगा और शाम 4 बजे तक लागू रहेगा।

## ये शुरुआत है, अभी और लोग आएंगे; बाबुल सुप्रियो के टीएमसी में आने पर बोले ममता के भतीजे- इंतजार करिए और देखिए



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बाबुल सुप्रियो के तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने के बाद टीएमसी सांसद और ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने कहा कि यह तो सिर्फ शुरुआत है, अभी कई और भी लोग आएंगे। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कई नेता टीएमसी नेतृत्व के साथ बातचीत कर रहे हैं। वो लोग बीजेपी के साथ संतुष्ट नहीं है। आज बाबुल सुप्रियो आए हैं कल और आएंगे। वो बीजेपी के साथ खुश नहीं हैं। यह प्रक्रिया जारी रहेगी। इंतजार कीजिए और देखते जाइए। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि बीजेपी एक बैलून की तरह है। बीजेपी के पास कोई सोच नहीं है। उनकी एंटी-पीपुल नीति से सभी परेशान हैं औ कोई भी उनके साथ नहीं रहना चाहता है। इसलिए वो पार्टी छोड़ रहे हैं। केंद्रीय मंत्रिपरिषद से हटाए जाने के बाद कई हफ्तों तक कभी नरम तो कभी गरम तेवर दिखाने वाले भाजपा सांसद बाबुल सुप्रियो ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का दामन थामकर लोगों को चौंका दिया। आसनसोल संसदीय सीट से दो बार के सांसद सुप्रियो ने पूर्व में कहा था कि वह राजनीति छोड़ देंगे। हालांकि, भाजपा नेतृत्व ने बाद में उन्हें लोकसभा का सदस्य बने रहने के लिये मना लिया था। गायिकी से सियासत का रुख करने वाले सुप्रियो पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी और राज्यसभा सदस्य व प्रवक्ता डेरेक ओ ब्रायन की मौजूदगी में टीएमसी में शामिल हुए। टीएमसी ने ट्वीट किया, आज, राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी और राज्यसभा सदस्य डेरेक ओ ब्रायन की उपस्थिति में, पूर्व केंद्रीय मंत्री और मौजूदा सांसद बाबुल सुप्रियो तृणमूल परिवार में शामिल हो गए। हम इस अवसर पर उनका बेहद गर्मजोशी से स्वागत करते हैं। भाजपा जैसे दल में कई लोगों के विपरीत, सुप्रियो ने जुलाई में लंबे समय से प्रतीक्षित फेरबदल के दौरान केंद्र सरकार से हटाए जाने पर अपनी नाराजगी स्पष्ट रूप से जाहिर की थी। संयोग से यह मार्च-अप्रैल में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में टॉलीगंज में उनकी हार के बाद हुआ था। उस संभावना को लेकर भी अटकलें लग रही हैं कि सुप्रियो को हाल में टीएमसी सदस्य अर्पिता घोष द्वारा खाली की गई सीट से राज्यसभा भेजा जा सकता है। घोष ने हाल में इस्तीफा देते हुए कहा था कि वह पार्टी संगठन के लिये काम करना चाहती हैं।

# देश में 11 दिन में लगाई गईं 10 करोड़ डोज

## कोरोना के सक्रिय मामलों में इजाफा, केरल ने बढ़ाई चिंता



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोरोना वायरस के खिलाफ टीकाकरण अभियान में भारत नित नए आयाम हासिल कर रहा है। टीकाकरण की रफ्तार ऐसी है कि कई देशों की पूरी आबादी के बराबर प्रतिदिन टीके लगाए जा रहे हैं। पिछले 24 घंटे के दौरान ही 2.50 करोड़ डोज लगाई गई हैं। अब तक 80 करोड़ से ज्यादा डोज लगाई जा चुकी हैं, जिसमें 60,03,94,452 करोड़ पहली और 20,29,80,695 करोड़ दूसरी डोज शामिल हैं।


देश में 80 करोड़ डोज लगाने पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने ट्वीट कर देशवासियों को बधाई दी और इसे विश्व के इतिहास में सुनहरा अध्याय बताया। आंकड़ों के मुताबिक आखिरी की 10 करोड़ डोज लगाने में मात्र 11 दिन का समय लगा, जबकि 60 से 70 करोड़ डोज के आंकड़े तक पहुंचने में 13 दिन लगे थे। शुरू की 10 करोड़ डोज 85 दिन में दी गई थीं। एक तरफ टीकाकरण की रफ्तार तेज हो रही है तो संक्रमण की गति थम रही है। अगर केरल को छोड़ दें तो पूरे देश में कोरोना संक्रमण के हालात फिलहाल पूरी तरह से काबू में नजर आते हैं। केरल में ही स्थिति नियंत्रण में नहीं आ रही। पिछले 24 घंटे में पूरे देश में 35 हजार से कुछ ज्यादा नए मामले मिले हैं, जिनमें से अकेले केरल से ही 19 हजार से अधिक केस हैं। इस दौरान कुल 281 मौतें हुई हैं, इसमें भी सबसे ज्यादा संख्या 143 केरल से ही है।

इस दौरान सक्रिय मामलों में डेढ़ हजार से अधिक की वृद्धि हुई है और एक्टिव केस 3,40,639 हो गए हैं जो कुल मामलों का 1.02 फीसद है। इसकी वजह से मरीजों के उबरने की दर में मामूली गिरावट दर्ज की गई है। दैनिक और साप्ताहिक संक्रमण दर तीन फीसद से नीचे बनी हुई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने शनिवार को बताया कि देश में कोविड-19 रोधी वैक्सीन की अब तक 80 करोड़ खुराक दी गई हैं। वहीं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को कोविड रोधी टीके की अब तक 78 करोड़ से अधिक खुराक उपलब्ध कराई गई हैं। सरकार ने बताया कि जल्द ही 33 लाख से अधिक अन्य खुराक भी राज्यों को उपलब्ध करा दी जाएंगी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के पास अब भी 6.02 करोड़ से अधिक खुराक उपलब्ध हैं।

भाजपा के प्रबुद्ध सम्मेलन में कांग्रेस पर निशाना

## 70 पर भारी पड़ गया सात साल का विकास : स्मृति ईरानी



**वाराणसी (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने शनिवार को भाजपा के प्रबुद्ध सम्मेलन में कहा कि देश में सात-आठ वर्षों में जो विकास हुआ है, वह पिछले 70 वर्षों पर भारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास यात्रा ही नहीं, असंभव से संभव की यात्रा भी की है। रामकटोरा स्थित सरोजा पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि अमेठी में पांच दशक तक एक ही परिवार ने राज किया, अमेठीवासियों की सेवा नहीं की। काशी धन्य है कि इसे मां अन्नपूर्णा का आशीर्वाद प्राप्त है। कोरोना ने जब देश में दस्तक दी तो लोगों को चिंता हुई 135 करोड़ के इस देश में लोगों का पेट कैसे भरा जाएगा और किस तरह लोगों को वैक्सीन व इलाज मिले। लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी ने इस असंभव को संभव कर दिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने गरीबों की इज्जत की चिंता करते हुए 20 करोड़ लोगों को शौचालय दिया। आठ करोड़ 12 लाख लोगों के घरों में शुद्ध पेयजल पहुंचाया। दो करोड़ 20 लाख किसानों के खाते में किसान सम्मान निधि योजना का पैसा पहुंचाया। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जब पूरी दुनिया बंद थी, तब भारत अपने विकास के पथ पर अग्रसर रहा। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा सह प्रभारी सुनील ओझा, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, मीना चौबे सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे। संचालन आलोक श्रीवास्तव ने किया।

स्मृति ईरानी ने कहा कि काशी के प्रबुद्धजन भाजपा की कार्यशैली को अच्छे तरीके से जानते हैं। हमारी सरकार के कार्य जनता के बीच में हैं। यहां सभी समस्याओं का हल है ओम नमः शिवाय। उन्होंने शीश झुकाकर सभी प्रबुद्धजनों का आभार जताया। कहा कि काशी प्राचीन काल से ही सनातन धर्म का केंद्र रही है। पूरी दुनिया में काशी को जानने के लिए उत्सुकता बनी रहती है। उन्होंने कहा कि विद्वत समाज देश व प्रदेश को एक नई दिशा देता है।

दक्षिणी विधायक व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. नीलकंठ तिवारी ने कहा कि काशी बदल गई है और बदलती, चमकती व संवरती काशी के गवाह काशी के लोग हैं। आध्यात्मिकता को संजोते हुए भव्यता देने के लिए हर क्षेत्र में कार्य प्रधानमंत्री के दिशा-निर्देशानुसार हो रहा है। चिकित्सा क्षेत्र का काशी हब बन चुकी है। सड़कों के विकास की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि यहां की सड़कें सेल्फी प्वाइंट बनी हैं। काशी विश्वनाथ धाम भव्य व दिव्य रूप में विकास कर रहा है।



## अफगानिस्तान के नंगरहार में ब्लास्ट, 3 लोगों की मौत और 20 घायल, धमाके के पीछे इस्लामिक स्टेट का हाथ?

**जलालाबाद (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के पूर्वी नंगरहार प्रांत की राजधानी में तालिबान के वाहनों को निशाना बनाकर किए गए तीन सिलसिलेवार धमाकों में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गयी और 20 घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी है। जलालाबाद में 18 सितंबर को हुए हमले की अभी किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है लेकिन पूर्वी अफगानिस्तान इस्लामिक स्टेट से जुड़े एक समूह का गढ़ है और वे अफगानिस्तान के नए तालिबान शासकों के दुश्मन हैं।अभी यह साफ नहीं है कि मृतकों और घायलों में तालिबान के अधिकारी शामिल हैं या नहीं। वहीं, काबुल में 18 सितंबर को एक बम धमाके में दो लोग घायल हो गए। यह अभी साफ नहीं हुआ है कि काबुल बम विस्फोट में किसे निशाना बनाया गया।

## भारत दौरे पर आ रहे हैं सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल, पीएम मोदी से करेंगे मुलाकात, अफगानिस्तान पर होगी बात



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन रहमान अल साउद तीन दिनी दौर पर भारत आ रहे हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी है की फैसल 18 सितंबर की रात नई दिल्ली पहुंचेंगे और 20 सितंबर की रात न्यूयॉर्क के लिए रवाना होंगे। प्रिंस फैसल विदेश मंत्री के रूप में अपनी बार भारत पहुंच रहे हैं। फैसल 19 सितंबर को हैदराबाद हाउस में विदेश मंत्री सुब्रमण्यम जयशंकर से मुलाकात करेंगे। इसके बाद 20 सितंबर को फैसल पीएम नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात करेंगे। प्रिंस फैसल राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोवल से भी मुलाकात कर सकते हैं। भारत और सऊदी अरब के बीच द्विपक्षीय मुद्दों पर बातचीत होगी। इसके साथ ही अफगानिस्तान पर भी विस्तार से बातचीत संभव है। अधिकारियों ने बताया है कि सऊदी अरब और ईरान जैसे देश अफगानिस्तान को लेकर भारत से बात करना चाहते हैं। ऐसे में ईरान के विदेश मंत्री भी जल्द ही भारत का दौरा कर सकते हैं। बता दें कि 1996 में पिछले तालिबान शासन के उलट अबकी सऊदी अरब ने तालिबान द्वारा अफगानिस्तान पर कब्जे के बाद तालिबान सरकार को मान्यता नहीं दी है और न ही सऊदी अरब के दूतावास काबुल में एक्टिव है। हालांकि सऊदी अरब ने तालिबान से संपर्क बनाए हुए रखा है।

## सोमालिया की राजधानी मोगादीशू में आत्मघाती हमला, 10 की मौत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सोमालिया की राजधानी मोगादीशू में मंगलवार को अपराह्न में हुए आत्मघाती बम विस्फोट में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गयी। द गरोवे ऑनलाइन वेबसाइट में अपनी रिपोर्ट में बताया कि एक आत्मघाती हमलावर ने सैन्य प्रशिक्षण शिविर के पास स्थित चाय दुकान पर खुद को उड़ा दिया। इस घटना में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गयी तथा कई अन्य घायल हो गए।

**अंखड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं. UPHIN 2001/9025